सुविचार -स्वयं को कल पर आश्वस्त मत कर, क्योंकि मुझे नहीं मालूम कि कोई दिवस तेरे लिए क्या लाएगा । -बाइबल


साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-38 अंक -32 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-25 अप्रैल 2024 मूल्य-3/00 पृष्ठ -16


## पिपरिया में कमलनाथ का आगमन हुआ

### हमने किसानों का कर्ज माफ किया

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** देश की सर्वाधिक चर्चित सीट छिंदवाड़ा से प्रथम चरण की चुनावी मतदान के दिन ही प्रचार प्रसार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व केन्द्रीय मंत्री कमलनाथ का पिपरिया आगमन हुआ । पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटैल का ओजपूर्ण संबोधन हुआ । कार्यकर्त्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया ।

स्वागत सम्मान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमनाथ जी ने कहा यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण चुनाव है संविधान-लोकतंत्र खतरे में है । संविधान के मूलस्वरूप से ये लोग छेड़छाड़ करना चाह रहे हैं । देश की जनता हमारे संविधान एवं संस्कृति की रक्षक है । भाजपा ने हमारे नवजवानों का जीवन खतरे में है उनका भविष्य अंदकारमय सा हो गया है । मंहगाई चरम पर है । भाजपा के वायदे सब कुछ झूठे हैं ।

पिपरिया से मेरा काफी पुराना रिस्ता है छिंदवाड़ा में मतदान हो रहा है पर में आज आपके बीच हूं । पिपरिया के विकास की बात मैंने पहले भी की थी आज भी कर रहा हूं



मुझे बुढ़ा न समझे पिपरिया में हर वो सुविधा होगी जो हमारे छिंदवाड़ा में है पिपरिया को गोद लेने के बाद में पूरे जिले के विकास का भी आश्वासन देता हूं । भोपाल जाते समय पिपरिया रुकना वर्षों पुरानी यादों को स्मरण किया ।

भाजपा केवल भ्रष्टाचार-छोटालों की गारंटी देने वाली पार्टी है । बेरोजगारी , महंगाई, किसान हितों की बात नहीं करती, पेट्रोल-डीजल की बात नहीं करती । पूरा देश धार्मिक है । मैं गर्व से कहता हूं कि में हिन्दू हूं । भाजपा राम की बात करते हैं कहते हैं राममंदिर हमने बनाया पर मंदिर जनता के चंदे से बना है । धर्म हमारे आचार-विचार का विषय है राजनीति के प्रचार-प्रसार के लिए नहीं है । लोकसभा चुनाव प्रत्याशी संजय शर्मा को विजयी बनाने की बात कही ।

भाजपा ने किसानों से छल किया , धान-गेहूं का जो समर्थन मूल्य तय किया उससे कम पर ही खरीदी जारी है ये कैसी गारंटी है ? हमने सत्ता प्राप्ती के बाद किसानों का गारंटी के साथ कर्ज माफ किया , दूसरी किस्त देने ही वाले थे कि हमारी सरकार को गिरा दिया गया । मैंने भूमि देकर विशाल हनुमान जी का मंदिर बनवाया , अति उत्तम पर उसकी बात वे नहीं करते नहीं उसका प्रचार-प्रसार किया । हम जो कहते हैं करते हैं हमने 53 हजार किसानों का कर्ज माफ किया पर उसकी भाजपा ने कभी बात नहीं करी ।

चुनावों के बीच-

## वास्तविक मुद्दे गायब-भटकाव जारी

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** भारतीय रेल्वे सामान्य यात्रीयों के कोच कम कर रही है पर यात्री ज्यादा है चेकिंग कर उन्हें दंडित करती है पर वे टिकिटधारी भी रहते है साधारण टिकिटधारी यात्री टिकिट के बाद भी अपराधी होता है जबकि दोषी रेल्वे है टिकिट बिक्री के हिसाब से कोच बढ़ा दिए जाए न कि कम किया जाये । खाली चल रहे अति आधुनिक कोचों को हटाया जाए, साधारण व स्लीपर कोच लगाए जाए ।

छोटी यात्रा वाले यात्रीयों को मेमो जनशताब्दी जैसी ट्रेने चलाई जाये जबलपुर से सुबह इंदौर के लिए एवं इंदौर से जबलपुर के लिए एक ट्रेन सुबह चलाई जाये । जनशताब्दी व अमरकंटक ट्रेनों को इंदौर तक बढ़ा दिया जाये ।

ट्रेनों में जब साधारण कोच रेल्वे कम कर रही है तब उत्तम भोजन वह भी सस्ता देने कीभी बात कर रही है रेल्वे का जनमानस के साथ धोखा है । प्लेटफार्मों पर घटिया दूषित अधिक मूल्य पर सामग्री मिल रही है अवैध बेंडर नकली घटिया माल बच



रहे हैं नकली घटिया माल वेंडरों द्वारा बेजा मात्रा में बेचा जाता है ।

जनता के ऊपर से बेंडर निकलते हैं खचाखच भरी बोगीयों में यह प्रशासन को नहीं दिखता , जनता एक पैर पर खड़ी होकर यात्रा करती है यह विकास वाली सत्ता के लोगों को दिखाई ही नहीं देता पैसेंजर बंद कर डाला यह कैसे दिखावे वाला विकास है । जनता साधारण टिकिट लेकर चलना चाहती है पर सत्ताधारी गरीबों को वातानुकूलित डब्बों में यात्रा के लिए मजबूर करती है गरीब मंहगाई के साथ महंगे परिवहन से हलाकान है । महंगी शिक्षा माफियों का राज बरकरार है ।

सब्जी-दाले सभी महंगाई की ओर खिची चली आ रही है । अभी महंगाई की काई भी बात करने को तैयार ही नहीं है जनता भी बेरोजगारी , महंगाई भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही । मूल परेशानियां नदारत है चुनावों में अजीबो-गरीब बातें बेजा हो रही है जनता को भटकाया जा रहा है वह भी भीड़तंत्र में भीड़ का हिस्सा बनीं हुई है ।

## आस्था-श्रद्धा एवं भक्ति हर्ष के बीच मना हनुमान जी का जन्मोत्सव

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** शहर में मंगलवार को बजरंग बली जी का जन्मोत्सव श्रद्धा आस्था और भक्तिमय वातावरण के साथ सभी मंदिरों पर मनाया गया । पूजा पाठ हवन के साथ रामायण का पाठ हनुमान चालीसा का पाठ भी श्रद्धालुजनों ने किया । भंडारे व प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया ।

भजन कीर्तन महाआरती का आयोजन भी किया गया । चिंताहरण हनुमान मंदिर पर भी पूजा पाठ, भजनों के साथ राम पर अमृतवर्षा का भव्य आयोजन भी रखा गया । शोभायात्रा भी निकाली गई जिसका स्थान-स्थान पर स्वागत सत्कार किया गया । सभी भक्तजनों ने स्थान-स्थान पर जाकर पूजा पाठ प्रसादी का चढ़ावा किया दिन भर राम का जय घोस होता रहा । शहर के छोटे-बड़े मंदिरों में प्रसादी का वितरण श्रद्धा भाव के साथ प्रेम से कराया उत्तम से उत्तम व्यवस्था देने का अनूठा प्रयास किया गया ।

श्रद्धाभक्ति के साथ चोला चढ़ाया गया दिन-भर जनमानस ने भक्ति भरे माहौल का आनंद प्राप्त किया ।

## गेहूं की सरकारी खरीदी बनाम लापरवाही

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** सरकारी गेहूं की खरीदी में आज से नहीं वर्षों से लापरवाही की जा रही है इस साल भी वैसा ही हुआ । वर्षा होने के संकेत मौसम विभाग ने दे दिए थे पर पिपरिया का प्रशासन लापरवाही करता रहा एक नहीं दो दफा पानी गिरा अब सुना है प्रशासन ने दो खरीदी केन्द्र में वृद्धि कर दी है । जो क्षति हुई उसकी जबावदेही किस पर थोपी जायेगी यह समझना होगा ।

परिवहन, वोरा उठाई कार्य पूर्व वर्षों की तरह ही लापरवाही से ही जारी है जिसके तहत परिवहन न होने से गेंहू खुल्ले में रखा है खराब तो हो ही रहा है । गेहूं वारिश में में भीगा एवं खराब भी हो रहा है । यह हाल लगभग हर स्थानों पर चल रहा है सरकारी कार्य है उसका यही तौर तरीका है उसे मौसम की सूचनाएं न तो सुनाई देती न ही आदेश मिलते एक दूसरे पर थोपा -थापी पैसे का अभाव तो बना ही रहता है ।

## शहर की नाले -नाली एवं गलियों पर अतिक्रमण

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता पिपरिया ।** शहर की नाली नाले बेजा अतिक्रमण से ग्रस्त है । सफाई मित्र, साफ सफाई के लिए प्रवेश ही नहीं कर सकते । नालों नालीयों में गंदगी बजबजा रही है । सब्जी मंडी के आलम भी वैसे ही है जैसे शहर के नालेनुमा बनी नाली दुर्घटनाओं को आमंत्रण देती है नाली के ऊपर रखी जाली भी टूट फूट चुकी है कभी भी हादसा हो सकता है ।

जानवरों का बेरोक टोक प्रवेश भी आमजन को परेशान करता है घटनाएं आम हो चुकी है । आवारा जानवरों पर कोई भी नियंत्रण नही है जनता-जानवर दोनों का जीवन खतरे में है जानवर वाहनों से घायल होते है तो जनता को आवारा जानवर घायल कर देते हैं । हमारा प्रशासन क्षेत्र में घूमकर अव्यवस्था को ठीक ठाक कर साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था जनता को दे ताकि बीमारियां न हो । शहर की अनेकों गलियां, सड़कें एवं छोटे छोटे रास्ते अतिक्रमणग्रस्त होने के कारण आवागमन प्रभावित होता है एवं आमजन को सुविधाजनक रास्ता नजर नहीं आता , हर कदम पर घटना-दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है । प्राथमिकता के आधार पर लोगों को आवागन की सुविधा हेतु अतिक्रमण को हटना चाहिए एवं पक्की दुकानदारों को सख्त हिदायत दी जाने चाहिये की आपका सामान सड़कों एवं नालीयों पर मिला तो जब्त कर लिया जावेगा । ऐसी जनापेक्षा है ।

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र के रंग में कम मतदान ने डाला भंग

### लोकतंत्र के पर्व में अपना फर्ज निभाएं मतदान करने अवश्य जाएं

लोकसभा के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ। मतदान प्रतिशत 2019 की तुलना में 8 प्रतिशत कम रहा। हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में एक सीट पर चुनाव होना था लेकिन वह भी शांतिपूर्वक नहीं हुआ । कहीं बूथ कैप्चरिंग और ईवीएम मषीन को जलाने और कई स्थानों पर फायरिंग की घटनाएं भी सामने आई। वहीं नागालैंड के छह जिलों में 0 फीसदी मतदान हुआ। यानि छह राज्यों की आवाम ने मतदान का पूरी तरह से बहिश्कार किया। तमाम तैयारियां धरी की धरी रह गई एक भी मतदाता मतदान करने नहीं आया क्योंकि बीते लोकसभा चुनाव में इनसे जो वादा राज्य को लेकर किया गया था वह पूरा नहीं किया गया इसी के विरोध में इन छह जिलों के मतदाताओं ने मतदान ना करके अपना विरोध जाहिर किया। यह कितनी चिंता का विषय है कि छह जिलों में एक भी मतदाता ने मतदान नहीं किया। लेकिन इस बारे में कहीं बात नहीं हो रहीं है वहीं छत्तीसगढ के बस्तर में बूथ से 500 मीटर दूर ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ जिसमें एक जवान षहीद हो गया। मप्र में 6 सीटों पर 67.08 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछली बार से 7.5 प्रतिशत कम है। मप्र की सभी सीटों पर पिछले चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत गिरा है सबसे कम वोटिंग सीधी में हुई। मतदान का कम प्रतिशत किसके लिए बूरी खबर लेकर आएंगा यह तो 1 जून को ही पता चलेगा। सात चरणों में होने वाले लोकतंत्र के उत्सव का पहला चरण में लोगों में उत्साह कम दिखा । इसे गर्मी और लू का असर बताया जा रहा है लेकिन उत्तराखंड में तो लू का असर नहीं था फिर वहां कम मतदान क्यों हुआ ? जबकि यहां 75 फीसदी मतदान का लक्ष्य रखा गया था यहीं नहीं लोगों कोशपथ भी दिलाई गई थी कि वे मतदान केंद्रों पर अवश्य जाएंगे । प्रधानमंत्री मोदी ने भी आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में 75 फीसदी मतदान का लय दिया था। लेकिन फिर क्या हुआ तमाम दावें वादें और तैयारियों पर पानी फिर गया। पहले चरण में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव हुआ लेकिन लोगों ने लोकतंत्र के इस उत्सव को उस तरह नहीं लिया जितना उम्मीद की गई थी। अगर लू का असर मतदान प्रतिषत पर पडा है तो फिर पश्चिम बंगाल में इतनी गर्मी के बाद भी जलपाईगुडी में सबसे ज्यादा 79.33 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान का कम होना भले ही किसी भी दल के लिए अच्छी खबर लेकर आएं लेकिन लोकतंत्र के लिहाज से यह बुरी खबर है।

दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को 89 सीटों पर होगा । दूसरे चरण में मध्यप्रदेश की होशंगाबाद विधानसभा सीट पर भी मतदान होना है। यहां सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच है। 2019 के चुनाव में मप्र की छिंदवाडा सीट को छोडकर सभी सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी। इस बार यहां सौ फीसदी जीत का दांवा भाजपा कर रही है। छिंदवाडा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ फिर चुनावी मैदान में है। प्रधानमंत्री मोदी यहां कई सभाएं कर चुके है और अपनी साख दोबारा हासिल करने के लिए राहुल गांधी भी जोर लगा रहे है ।

अंबेडकर जयंति के अवसर प्रधानमंत्री मोदी ने पिपरिया विधानसभा सीट पर सभा की थी इस सभा में बडी तादात में लोगों ने उपस्थिति देकर सभा को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोडी थी। पहले चरण में कम मतदान हुआ इसके बाद चुनाव आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों को मतदान प्रतिषत बढाने के अभियान शुरू करने को कहा है। आंकडों में पाया है कि 11 राज्यों में मतदात प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम था। चुनाव में अधिक भागीदारी प्रजातंत्र की गुणवत्ता का एक सर्वमान्य पैमाना है। आयोग इस बात से चिंतित था कि शहरी वोटर्स में उदासीनता बढ रहीं है। चुनाव आयोग तो मतदात प्रतिशत बढाने का प्रयास करेगा ही लेकिन बतौर मतदाता हमें भी अपने कर्त्तव्य को निभाने के लिए मतदान करने जाना चाहिए यहीं नहीं अगर कोई प्रत्याशी आपको अपना प्रतिनिधित्व करने लायक नहीं लगे तो आपके पास एक विकल्प नोटा का भी है ।

## मतदान कर्मी अथवा मतदाता अस्वस्थ होने की स्थिति में निकट के स्वास्थ्य केंद्र की मैपिंग की गई है और उपचार की समुचित व्यवस्था रहेगी – कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 26 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। 26 अप्रैल को मुहूर्त की बहुत सी शादियां होने वाली है, ऐसे लोग जिनके विवाह होने हैं, उनसे और उनके परिजनों से संपर्क करके उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रेहा है। मतदान करना हमारा एक अमूल्य अधिकार है जो संविधान हमें प्रदान करता है। अतः इस अधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक ले रही थी। उन्होंने बताया कि मतदान केदो में व्हीलचेयर की व्यवस्था रहेगी, यदि कोई दिव्यांग व्यक्ति या वृद्ध जन व्हीलचेयर की मांग करता है तो उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध कराया जाएगा। मतदान दिवस पर हर सेक्टर अधिकारी के साथ एक चिकित्सक और मेडिकल किट रहेंगे और हर मतदान केंद्र पर मेडिकल किट रहेगा। हृदय घात से प्रारंभिक उपचार के लिए टैबलेट भी प्रदान की जाएगी।

मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए की सामग्री वितरण स्थल एवं वापसी स्थल में पानी की टैंकर, शौचालय एवं लाइट की व्यवस्था प्राथमिकता से की जाएगी। शहरी क्षेत्र के महिला बूथो में भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखेगी। सभी नगर पालिका कर्मियों के पहचान पत्र भी बनाए जाएंगे।

फायर अलार्म के बारे में निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि स्ट्रांग रूम में फायर अलार्म एवं तहसील तथा सी एवं डी केटेगरी के स्ट्रांग रूम में फायर अलार्म अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे।

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन वाहनों एवं बसों के लिए 25 पेट्रोल पंपों का अधिग्रहण किया गया है। सभी बसों के ड्राइवर को डीजल की पर्ची एवं लागबुक दिए जाएंगे। पर्ची से वे अपने वाहन में डीजल भरवा सकेंगे। मतदान दल कर्मियों के लिए मतदान केंद्र और पेड काउंटर्स पर भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

कलेक्टर ने मतदान दल की रवानगी के समय एवं वापसी के समय ट्रैफिक प्लान के बारे में निर्देश दिए की जाम की स्थिति ना बने। बताया गया कि मतदान प्रक्रिया संपन्न करने के लिए लगभग 3238 पुलिस बल, होमगार्ड, ै।७, ैच्चे की टीम तैनात रहेगी। सभी बल प्रातः 6रू00 बजे सामग्री वितरण स्थल पर पहुंच जाएंगे। बताया गया कि विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त अतिथि शिक्षक एवं कोटवारों को भी ट्रेनिंग दी गई है।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बसो के ड्राइवर एवं हेल्पर ईडीसी के माध्यम से मतदान करेंगे इसके लिए उनके द्वारा आवेदन भरे गए हैं। उन सब को ईडीसी जारी किए गए हैं।

कुछ बसे रिजर्व में भी रहेंगी। सिवनीमालवा में 9 होशंगाबाद में 5 सोहागपुर में 14 पिपरिया में 12 बस रिजर्व में रखी गई है। सभी बसों में 25 अप्रैल को स्टीकर लगाने का काम एवं जीपीएस सिस्टम लगाने का काम किया जाएगा । कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैकेनिक की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने बताया कि 658 केदो पर वेब कास्टिंग की जाएगी। मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्र में लाइट बाधित ना रहे। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अतिरिक्त रूप से जनरेटर लगाने के भी निर्देश दिए।

## मतदान प्रक्रिया 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मतदान की प्रक्रिया 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5.30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी।

यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5.30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।




**न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट**

शोभापुर रोड, पिपरिया

जिला-होशंगाबाद (म.प्र.)

Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409

विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।



**बेचना है**

(1) पचमढ़ी रोड पंचतारा होटल के पीछे 40 X 60=2400वर्गफुट कार्नर का प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

(2) राईखेड़ी मेन रोड का प्लाट 50 X 100=5000 वर्गफीट साइज में 21 फुट का मुरम रोड है। प्लाट शीघ्र बेचना है।

(3) पचमढ़ी रोड की कृष्णकांता मेरिज गार्डन की पश्चिमी दीवाल से लगा पश्चिमी मुखी 1350 वर्गफुट का प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

सम्पर्क करें

छगनलाल वर्मा

25-4-2024 मो.9425644648, 9584950962

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 लोकतंत्र का महापर्व 26 अप्रैल को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक होगा मतदान

## संसदीय क्षेत्र में 18 लाख 55 हजार 692 मतदाता करेंगे अभ्यर्थियों की किस्मत का फैसला

जनसंपर्क नर्मदापुरम । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5.30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। मतदान के लिए नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत आने वाले चारों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ के लिए सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को अपने अपने निर्धारित स्थान से प्रातः 07 बजे से किया जाएगा।

**लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत कुल 2203 मतदान केंद्र स्थापित**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए कुल 2203 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें 119 विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर अंतर्गत 258 मतदान केंद्र, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 222 मतदान केंद्र, 121 गाडरवारा अंतर्गत 228 मतदान केंद्र, एवं 140 उदयपुरा अंतर्गत 308 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

**जिले में 1187 मतदान केंद्र पर होगा मतदान**

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले के लिए कुल 1187 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें 136 सिवनीमालवा विधानसभा अंतर्गत 318 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत 238, 138 सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत 314, 139 पिपरिया विधानसभा अंतर्गत 317 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

**संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों के 1855692 मतदाता करेंगे मतदान**

**जिले के कुल 950127 मतदाता, जिसमें 490730 पुरुष और 459360 महिला तथा 37 थर्ड जेंडर मतदाता**

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत कुल आठ विधानसभा क्षेत्र जिसमें सिवनीमालवा होशंगाबाद सोहागपुर पिपरिया नरसिंहपुर तेंदूखेड़ा गाडरवारा एवं उदयपुर के 1855692 मतदाता मतदान करेंगे। इसमें विधानसभा क्षेत्र 119 नरसिंहपुर अंतर्गत 119544 पुरुष मतदाता 114452 महिला मतदाता एवं 5 थर्ड जेंडर मतदाता इस प्रकार कुल 234001 मतदाता मतदान करेंगे। इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 98592 पुरुष, 91878 महिला 2 थर्ड जेंडर इस प्रकार 190472 कुल मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 121 गाडरवारा अंतर्गत 111975 पुरुष 103423 महिला 4 थर्ड जेंडर इस प्रकार 215402 कुल मतदाता, 136 सिवनीमालवा अंतर्गत 128057 पुरुष 118775 महिला 9 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 246841 कुल मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 113315 पुरुष मतदाता 110547 महिला मतदाता 16 थर्ड जेंडर इस प्रकार 223878 कुल मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 128188 पुरुष 116350 महिला 7 थर्ड जेंडर इस प्रकार 244545 कुल मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 121170 पुरुष 113688 महिला 5 थर्ड जेंडर इस प्रकार 234863 कुल मतदाता, तथा 140 उदयपुर अंतर्गत 137812 पुरुष 127873 महिला 5 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 265690 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिले में कुल पंजीकृत मतदाता 950127 है। जिसमें 490730 पुरुष मतदाता, 459360 महिला मतदाता एवं 37 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिले में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 33782 मतदाता पंजीकृत हैं। जिले में सर्वाधिक मतदाता प्रतिशत 30 से 39 आयु वर्ग के मतदाताओं का है जो कि कुल 239489 पंजीकृत मतदाता है।

17446 पीडब्ल्यूडी तथा 2470 सर्विस वोटर मतदाता होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल 17446 दिव्यांग तथा 2470 सर्विस वोटर हैं। जानकारी के अनुसार 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 173 सर्विस वोटर है। इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा में 74, 121 गडरवारा में 149, 140 उदयपुरा में 184 सर्विस वोटर्स हैं। वही जिले में 136 सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 551, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 385, 138 सोहागपुर अंतर्गत 579, एवं 139 पिपरिया अंतर्गत 375 सर्विस वोटर्स हैं।

**संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 80 प्लस आयु वर्ग के कुल 28803 मतदाता**

**जिले में 80 प्लस आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या 11531 है**

संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 28803 है। इसमें 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 4738 मतदाता, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 4251 मतदाता, 121 गाडरवारा अंतर्गत 4413 मतदाता, 140 उदयपुर अंतर्गत 3870 मतदाता है।

जिले में 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 11531 है इसमें 136 सिवनी मालवा अंतर्गत 324 137 होशंगाबाद अंतर्गत 2637 138 सोहागपुर अंतर्गत 2825, 139 पिपरिया अंतर्गत 2865 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाता है।

**संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 17446**

संपूर्ण संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद अंतर्गत कुल 17446 दिव्यांग मतदाता है जिसमें 119 नरसिंहपुर वि. स क्षेत्र अंतर्गत 1690 पुरुष 1333 महिला इस प्रकार कुल 3023 मतदाता, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 1346 पुरुष 1021 महिला इस प्रकार कुल 2367 मतदाता है, 121 गाडरवारा अंतर्गत 1366 पुरुष 1022 महिला इस प्रकार कुल 2388 मतदाता, 140 उदयपुरा अंतर्गत 1784 पुरुष 854 महिला इस प्रकार कुल 2638 दिव्यांग मतदाता हैं।

**जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 9418 हैं।**

नर्मदापुरम जिले में 136 वि.स. क्षे सिवनिमालवा अंतर्गत 1743 पुरुष 938 महिला इस प्रकार कुल 2681 मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 1265 पुरुष 836 महिला इस प्रकार कुल 2101 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 1580 पुरुष 887 महिला इस प्रकार कुल 2467 मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 1367 पुरुष 802 महिला इस प्रकार कुल 2169 दिव्यांग मतदाता हैं।

**संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 85 वर्ष से अधिक आयु के 11874 मतदाता**

संसदीय लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 85 प्लस आयु वर्ग के कुल 11874 मतदाता शामिल है जिसमें 4431 पुरुष एवं 7443 महिला मतदाता है। संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत 119 नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 730 85 +पुरुष मतदाता एवं 1301 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 2031 85 +मतदाता है इसी प्रकार 120 तेंदूखेड़ा में 685 पुरुष एवं 1190 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1875 मतदाता है 121 गाडरवारा में 677 पुरुष एवं 1185 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1862 मतदाता 140 उदयपुर अंतर्गत 50097 पुरुष मतदाता एवं 953 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1550 85 + मतदाता है।

वही नर्मदापुरम जिला अंतर्गत 136 सिवनीमालवा में

(शेष4 पेज पर)


आवश्यक सूचना- (20 सितम्बर 2023 से नए पते पर शिफ्ट हो गया है।)

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो

**मिलने का समय-**
प्रातः 11 से दोप. 2.00 बजे तक
शाम 5 से 7.30 बजे तक






**डॉ.विभा शर्मा**
MBBS,MD,FIPM

**मिलने का समय-**
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें –सुबह 10 बजे से
मो. 9546171019





पता समझने के लिए QR स्कैन करें
Kiran Fracture & Pain Clinic

स्थान-अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया

**प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो**



पाठक जी की चाल
सांडिया रोड, पिपरिया



शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कान्फ्रेंस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है


PIPARIY fina 25-4-2024 - Copy.pmd 3 4/25/2024, 5:47 PM

## शेष 3 पेज का

468 पुरुष मतदाता एवं 826 महिला मतदाता इस प्रकार कुल 1294 मतदाता 85 + आयु वर्ग के अंदर शामिल है। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद अंतर्गत 396 पुरुष 554 महिला कुल 950 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 421 पुरुष 760 महिला इस प्रकार कुल 1181 मतदाता एवं 139 पिपरिया अंतर्गत 457 पुरुष 674 महिला इस प्रकार कुल 1131 मतदाता 85+ आयु वर्ग के हैं।

### 61479 मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के 18 से 19 आयु वर्ग के 61479 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 119 नरसिंहपुर अंतर्गत 5817, 120 तेंदूखेड़ा अंतर्गत 4995 मतदाता, 121 गाडरवारा अंतर्गत 5644 मतदाता, 136 सिवनी मालवा अंतर्गत 9384 मतदाता, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 6672 मतदाता, 138 सोहागपुर अंतर्गत 8577 मतदाता, 139 पिपरिया अंतर्गत 9149 मतदाता एवं 140 उदयपुर अंतर्गत 11241 युवा मतदाता लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, प्रत्येक वाहन में जीपीएस, वाहन किए गए अधिग्रहित

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस दल भी तैनात रहेगा। इसके साथ ही सेक्टर अधिकारी एवं मतदान दलों को लेकर जाने वाले प्रत्येक वाहनों में जीपीएस लगाया गया है। प्रत्येक वाहन की लोकेशन कंट्रोल रूम में ट्रेक की जाएगी। मतदान केन्द्रों में भी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है। मतदान दलों के लिए वाहन अधिग्रहित किए गए हैं। जिनका उपयोग मतदान दलों को मतदान स्थल तक आवागमन के लिए किया जाएगा।

### 1187 मतदान दल एवं 119 रिजर्व दल

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में मतदान कराने के लिए कुल 1306 मतदान दल गठित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार ...

### 393 मतदान स्थलों का संचालन महिलाओं द्वारा तथा 01 बूथ दिव्यांग द्वारा किया जाएगा संचालित

26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में 218 मतदान केदो का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा वहीं संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 393 ऐसे मतदान स्थल ऐसे हैं जिनको महिला मतदान कर्मी संचालित करेंगे। इन मतदान केन्द्रों के मतदान दल में सभी महिला सदस्य हैं। जानकारी के अनुसार ठीक है 596 नरसिंहपुर में मतदान स्थलों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा इसी प्रकार तेंदूखेड़ा में 15 गाडरवारा में 15 सिवनी मालवा में 25 होशंगाबाद में 125 सोहागपुर में 30 पिपरिया में 38 एवं उदयपुर में 130 मतदान स्थल महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे। वही उदयपुर में एक बूथ का संचालन दिव्यांगों द्वारा किया जाएगा। मतदान दलों में शामिल महिला अधिकारियों में मतदान को लेकर खासा उत्साह है। इन बूथों में महिला दलों के आवास एवं सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन द्वारा समुचित इंतजाम किए गए हैं।

### संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत कुल 526 क्रिटिकल मतदान केंद्र है

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र होशंगाबाद में कुल 526 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किया गया है। इनमें 119–नरसिंहपुर अंतर्गत 12 शहरी 43 ग्रामीण इस प्रकार कुल 55 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार 120 –तेंदूखेड़ा अंतर्गत 2 शहरी तथा 61 ग्रामीण इस प्रकार कुल 63 केंद्र, 121–गाडरवारा अंतर्गत 16 शहरी 50 ग्रामीण इस प्रकार कुल 66 केंद्र, 140–उदयपुर अंतर्गत 15 शहरी 120 ग्रामीण इस प्रकार कुल 135 केंद्रों को क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किया गया है। वहीं जिले में 136 – सिवनी मालवा अंतर्गत 3 शहरी 52 ग्रामीण इस प्रकार कुल 55 मतदान केंद्र क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं, 137 होशंगाबाद अंतर्गत 31 शहरी 19 ग्रामीण इस प्रकार कुल 50 मतदान केंद्र, 138 सोहागपुर अंतर्गत तीन शहरी 49 ग्रामीण इस प्रकार कुल 52 मतदान केंद्र, 139 पिपरिया अंतर्गत 11 शहरी 39 ग्रामीण इस प्रकार कुल 50 मतदान केंद्र क्रिटिकल मतदान केंद्र घोषित किए गए हैं।

### सेक्टर अधिकारियों ने संभाला निर्वाचन प्रक्रिया के लिए मोर्चा

नर्मदापुरम जिले में सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रत्येक सेक्टर अधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

### निर्वाचन की प्रक्रिया पर नजर रखने 229 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त

लोकसभा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए नर्मदापुरम जिले में कुल 229 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। जानकारी के अनुसार 207 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। जिले में 22 माईक्रो ऑब्जर्वर रिजर्व रखे गए हैं।

### लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 अंतर्गत 1201 बूथ में वेबकास्टिंग, 06 बूथों पर सीसीटीव्ही

### जिले में 607 बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से संपूर्ण व्यवस्था की जा रही है। साथ ही निर्वाचन कार्य की निगरानी के लिए भी वेबकास्टिंग और सीसीटीव्ही का सहारा लिया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 1187 मतदान केन्द्रों में से 607 बूथ में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है।

इसके अलावा 19 अन्य बूथों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही संपूर्ण लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 अंतर्गत कल 1201 बूथ में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है एवं 6 बूथ पर सीसीटीवी की व्यवस्था भी रहेगी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा में स्थापित किए जाएंगे आदर्श मतदान केंद्र

लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिले की चारों विधानसभाओं के लोकसभा निर्वाचन 2024 के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार

136 सिवनीमालवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 25 आदर्श मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं जो की मतदान केंद्र क्रमांक 22 खाल्ली, केंद्र क्रमांक 25 शिवपुरी, केंद्र क्रमांक 35 खपरिया, केंद्र क्रमांक 68, 69, 70, 71, 72 बानापुरा, केंद्र क्रमांक 76 बराबर कला केंद्र क्रमांक 78, 80, 81, 82, 86, 88 सिवनीमालवा, केंद्र क्रमांक 100 अमलाडाकला, केंद्र क्रमांक 141 मालापाट,केंद्र क्रमांक 167 सातवासा, केंद्र क्रमांक 175 झिल्लाय, केंद्र क्रमांक 184 चौतलाय, केंद्र क्रमांक 215 डोलरिया, केंद्र क्रमांक 263,264 पथरोटा, केंद्र क्रमांक 286,287 केसला हैं। इसी प्रकार 137 होशंगाबाद अंतर्गत 25 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। 138 सोहागपुर में मतदान केंद्र क्रमांक 2 शुक्करवाड़ा, केंद्र क्रमांक 45 सांगाखेड़ा कला, केंद्र क्रमांक 52 आरी, केंद्र क्रमांक 71 गुराडिया कला, केंद्र क्रमांक 73 मूढ़ापार, केंद्र क्रमांक 76 चीचली कला, केंद्र क्रमांक 77, 79, 80 बाबई, केंद्र क्रमांक 90 शुक्करवाड़ा फॉर्म, केंद्र क्रमांक 93 सुआखेड़ी, केंद्र क्रमांक 95 पवार खेड़ा खुर्द, केंद्र क्रमांक 109 नया साकोट, केंद्र क्रमांक 127 बागरा मानागांव, केंद्र क्रमांक 128 सोनतलाई, केंद्र क्रमांक 137 रामपुर, केंद्र क्रमांक 139 पाहनवर्री, केंद्र क्रमांक 145 सनखेड़ा, केंद्र क्रमांक 160 गुर्रा, केंद्र क्रमांक 182, 183 सेमरी हरचंद, केंद्र क्रमांक 234 अजनेरी, 235 शोभापुर, केंद्र क्रमांक 250 गुर्जरखेड़ी, केंद्र क्रमांक 254 कलमेसरा, केंद्र क्रमांक 270 करणपुर, केंद्र क्रमांक 272, 278, 283, 287 सोहागपुर, केंद्र क्रमांक 291 चीचली, केंद्र क्रमांक 296 बमोरी खुर्द, केंद्र क्रमांक 302 सीटीयागोहना में आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

विधानसभा क्षेत्र 139 पिपरिया अंतर्गत 7 शहरी तथा 17 ग्रामीण इस प्रकार कुल 24 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। केंद्र क्रमांक 87, 88, 89, 121, 122 पिपरिया एवं 281, 284 बनखेड़ी में शहरी आदर्श मतदान केंद्र तथा केंद्र क्रमांक 3 सांडिया, केंद्र क्रमांक 55 हाथवास, केंद्र क्रमांक 77,78 राई खेड़ी, केंद्र क्रमांक 128 बनवारी, केंद्र क्रमांक 169 मटकुली, केंद्र क्रमांक 187 वाचावानी, केंद्र क्रमांक 208 उमरधा, केंद्र क्रमांक 229 करपा, केंद्र क्रमांक 247 चांदौन, केंद्र क्रमांक 261,262 माल्हनवाडा, केंद्र क्रमांक 265 जुन्हेटा, केंद्र क्रमांक 267 पलिया पिपरिया, 293 कामती एवं 309 पीपरपानी में ग्रामीण आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

**चन्द्रकान्त अग्रवाल**

(कर सलाहकार)

इन्कम टेक्स, टी.डी.एस., पेन कार्ड, जी.एस.टी. आदि से संबंधित कार्यो के लिये सम्पर्क करें।

पता–आनंद बाग रोड, राधाकृष्णन वार्ड, पिपरिया

मो. 9074606112, 9893803544

**मे. शुभम् ट्रेडर्स**

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा

कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम

अधिकृत विक्रय–(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगमेन सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ❊ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास–गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

PIPARIY fina 25-4-2024 - Copy.pmd 4 4/25/2024, 5:47 PM

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने घर घर दस्तक अभियान (नॉक द डोर) प्रारम्भ

## सभी अपने कर्तव्यों को सुनिश्चित करें दिए सख्त निर्देश – सीईओ जिला पंचायत

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम जिले में नर्मदापुरम एवं सिवनीमालवा में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप गतिविधियां संचालित कराई जा रही है जिसमे शत प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सोजन सिंह रावत द्वारा नर्मदापुरम मुख्यालय पर शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में ओर शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ–साथ बैग ग्रुप बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सदस्यों को 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के साथ–साथ मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं, मतदाताओं के छांव में बैठने के लिए टेंट कुर्सियां, कूलर, पंखे, पीने के लिए मटकों के ठंडे पानी की व्यवस्था दिव्यांगो ओर बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर होना सुनिश्चित करें बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने सख्त निर्देश दिए गए ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े साथ ही विवाह मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले परिवारों सदस्यों की जानकारी एकत्रित कर सभी को मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए एवं नॉक द डोर (दस्तक अभियान) चलाने के लिए निर्देशित किया गया जिसमें सभी अधिकारी कर्मचारी बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर ने मतदान सामाग्री प्राप्ति की मॉक ड्रील का निरीक्षण किया

जनसंपर्क नर्मदापुरम अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह ने मंगलवार को आईटीआई महाविद्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र 17 के विधानसभा क्षेत्र 137 होशंगाबाद के मतदान सामग्री प्राप्ति की मॉक ड्रील का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की 25 अप्रैल को सामग्री का वितरण मतदान दलों को किया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही ना बरती जाए सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वाहन पूरी तत्परता से करें, मतदान को सफल बनाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा की आईटीआई परिसर में सामग्री एवं वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। वाहनों के कारण अनावश्यक जाम की स्थिति ना बनें सभी अधिकारी निर्धारित समय पर पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम इटारसी टी प्रतीक राव, सहायक रिर्टनिंग अधिकारी नीता कोरी एवं सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश में अगले तीन दिन तक बारिश ऑल और तूफान का येलो अलर्ट, तेज गर्मी से मिलेगी राहत

मौसम विज्ञान केंद्र ने 25 से 27 अप्रैल तक पूरे मध्यप्रदेश में गरज–चमक के साथ वर्षा और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है।

भोपाल। मध्यप्रदेश में 23 से 27 अप्रैल तक फिर झमाझम बरसात होगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने 25 से 27 अप्रैल तक पूरे मध्यप्रदेश में गरज–चमक के साथ वर्षा और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार दोपहर बैतूल जिले के आसपास क्षेत्रों में मध्यम आंधी और ओलावृष्टि की चेतावनी दी गई है। जबकि ग्वालियर, उत्तरी पन्ना, सतना और छिंदवाड़ा जिले में वर्षा और बिजली के साथ आंधी चलने की आशंका जताई है।



मौसम केंद्र के अनुसार 24 अप्रैल की सुबह आठ बजे तक भोपाल, सीहोर, सिंगरौली, बैतूल, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिले में आंधी–तूफान के साथ ओलावृष्टि और वर्षा हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलेगी वहीं तापमान 24 से 37 सेंटीग्रेड तक रह सकता है।

मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है। रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, भोपाल, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, इंदौर, देवास, बड़वानी, खरगौन, खंडवा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिलों में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं।

-हम समवेत

# 37 दिन में 244 करोड़ से अधिक मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त

जनसंपर्क भोपाल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 22 अप्रैल तक 19 करोड़ 54 लाख 85 हजार 81 रुपये नगद राशि सहित 244 करोड़ 55 लाख 10 हजार 762 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी हैं।

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन–2019 में आदर्श आचरण संहिता के दौरान 85 करोड़ 12 लाख रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गयी थीं।

लोकसभा निर्वाचन–2024 की आदर्श आचरण संहिता अवधि में मात्र 37 दिन में ही गत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक मूल्य की विभिन्न अवांछित सामग्री की जब्ती की जा चुकी हैं।

22 अप्रैल तक 22 लाख 72 हजार 657 लीटर से अधिक मदिरा भी जब्त की गयी है, जिसका मूल्य 33 करोड़ 77 लाख 34 हजार 911 रुपये है। इसी तरह 22 करोड़ 23 लाख 46 हजार 953 रुपये मूल्य के 16 हजार 715 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 11 करोड़ 59 लाख 64 हजार 619 रुपये मूल्य की 2 हजार 144 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। साथ ही 157 करोड़ 39 लाख 79 हजार 198 रुपये मूल्य की अन्य मूल्यवान सामग्री भी जब्त की गई हैं।


भारत स्टेशनरी

जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805

काॅपीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता

कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है।

फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है।



कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान


AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete



मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध

ब्लॉक साइज –

लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''



लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- समृद्धि प्लास्टिक्स
- पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- LED लाईट्स
- कंस्ट्रक्शन केमिकल
- सुप्रीमो पानी की टंकिया
- RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- LED लाईट्स
- समस्त हार्डवेयर
- CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें

गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर– आनंदा गट्टानी

# "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

## प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल

**प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये का होगा**

**चयनित 10 प्रतिभागियों को मिलेगा 5100 रुपये का विशेष पुरस्कार**

जनसंपर्क भोपाल।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 में मतदान के बेहतर प्रतिशत के लिए मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत "प्रत्येक वोट जरूरी है" विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि 'ीजजचेरू//उच.उलहवअ.पद/ पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रतिभागी गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रविष्टि भेज सकेंगे।

विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि
- प्रथम पुरस्कार –51,000 एवं प्रमाण पत्र
- द्वितीय पुरस्कार –21,000 एवं प्रमाण पत्र
- तृतीय पुरस्कार –11,000 एवं प्रमाण पत्र

–10 प्रतिभागियों को 5,100–5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### नियम–शर्तें

–प्रतिभागी मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो।
–एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों में हो।
–प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए।
–प्रविष्टि में कोई उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग न हो।
–प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें।
–श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
–प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है।


नित नई फैशन खुल गई ! खुल गई !! खुल गई !!!
बिना झिझक के खरीदे



**बिना झिझक के खरीदें -सिर्फ महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा**

आपके अपने पिपरिया शहर में महिलाओं द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए महिला अंग वस्त्रों की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध हमारे यहां सभी प्रकार की फैंसी ब्रा, पेरिस ब्यूटी, टी नजर, शायोनारा, 16 प्लस, लबेबल, ड्विक्सी, सिम्पलैक्स और भी कम्पनियों के - बेडिंग स्पेशल दुल्हनों के शापी का शानवदार सम्पूर्ण पैकेज वार्डल ब्रा पेटी सेट, बडिल, गाऊन सेट, दुल्हन, गाऊन और भी बहुत कुछ दुल्हनों के लिए।

हमारे यहां जीन्स, टॉप, टी-शर्ट, स्टाल, लोअर, लेगी, सूट सेट, पिलाजो, नाईट गाऊन, गाऊन ए-1 गाऊन, कुर्ते, जेकिट

**परम्परा कलेक्शन**

दुकान नं. 6 जय प्रकाश शापिंग काम्पलेक्स, पिपरिया
मो. 8109570880, 9893570880


# MP: पिकअप पलटने से सात आदिवासी कलाकार घायल, महाराष्ट्र से हरदा आते वक्त हुआ हादसा

खंडवा के आडाखेड़ा के जंगल मे मंगलवार रात्रि 9.30 बजे के लगभग पीकअप वाहन पलटने से आदिवासी कलाकार घायल हो गए। इसमे पांच युवती और दो युवकों को गम्भीर चोट आई है।



खंडवा। खंडवा के आडाखेड़ा के जंगल मे मंगलवार रात्रि 9.30 बजे के लगभग पीकअप वाहन पलटने से आदिवासी कलाकार घायल हो गए। इसमे पांच युवती और दो युवकों को गम्भीर चोट आई है। उन्हें रात्रि में ही खालवा पुलिस द्वारा खालवा के प्राथमिक स्वस्थ केंद्र पहुंचाकर उपचार करवाया। हालत गंभीर होने से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

सभी कलाकार ग्राम डाबिया तहसील धारनी (महाराष्ट) से सूर्यदेव मेला जिला हरदा में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने जा रहे थे। सूचना मिलते ही खालवा थाने के सहायक उपनिरीक्षक रूपसिंग चौहान ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खालवा पहुंचाया गया।

सभी कलाकार आदिवासी कोरकू नृत्य गदली सुसुन की प्रस्तुति देने जा रहे थे। घायलों में 16 वर्षीय संध्या अमरलाल , 14 वर्षीय अशिमता अशरफ, 27 वर्षीय मनीष रमेश, 14 वर्षीय मीना कुंजीलाल , 22 वर्षीय किरण कुमार रमेश, 19 वर्षीय नन्दकिशोर, 18 वर्षीय सूरज ,18 वर्षीय सुनीता सुरजलाल ,18 वर्षीय मानवी प्रेमलाल, 40 वर्षीय राकेश रमेश, 45 वर्षीय रामलाल कालिया शामिल है।

-हम समवेत

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए 108 से मिलेगा निःशुल्क परिवहन

जनसंपर्क भोपाल।हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए अस्पताल लाने एवं घर छोड़ने की सुविधा 108 एंबुलेंस के माध्यम से दी जाएगी। यह सुविधा एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निरूशुल्क दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में गर्भावस्था की दूसरी एवं तीसरी तिमाही की महिलाओं की जांच कर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया जाता है।

अभियान के तहत 25 अप्रैल को स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा।जागरूकता एवं जांच शिविरों में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की जानकारी भी दी जाएगी। एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उच्च जोखिम के लक्षणों वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, परामर्श, उपचार, पैथोलॉजी जांच, सोनोग्राफी जांच की जाती है। प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को यह अभियान आयोजित किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ता जैसे आशा, एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं को परामर्श एवं जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में लाया जाता है। जहां पर चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की पहचान कर सलाह एवं दवाइयां दी जाती हैं ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि यह अभियान नवंबर 2016 से प्रारंभ किया गया था। गर्भवती महिलाओं को निरूशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 108 एंबुलेंस की सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जयप्रकाश जिला चिकित्सालय , डॉ. कैलाशनाथ काटजू महिला चिकित्सालय , सिविल अस्पताल बैरागढ़, इंदिरा गांधी गैस राहत हॉस्पिटल, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, सुल्तानिया अस्पताल, सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर एवं कोलार में आयोजित शिविरों में जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं का पिकअप एंड ड्रॉपबैक निरूशुल्क किया जाएगा। इसके पूर्व गर्भवती महिलाओं और प्रसवोत्तर महिलाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता को देखते हुए इन शिविरों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं स्क्रीनिंग की शुरुआत भी की गई थी। जिसमें मानसिक समस्याओं के लिए गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार के संबंध में परामर्श दिया जा रहा है। महिलाओं में समस्या पाए जाने पर उन्हें दवाएं और मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया जा रहा है।

अभियान के तहत अस्पतालों में क्यूआर कोड भी लगाए गए हैं, जिनको स्कैन करके गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की जानकारी ली जा सकती है।गर्भावस्था में एनीमिया, गर्भावस्था जनित उच्च रक्तचाप,गर्भावस्था जनित डायबिटिज़, पूर्व में ऑपरेशन द्वारा प्रसव इत्यादि लक्षण होने पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी के रूप में चिन्हित किया जाता है।इन महिलाओं को विशेष चिकित्सकीय देखभाल एवं परामर्श की सेवाएं प्रदान की जाती है। शिविर में विशेषज्ञीय चिकित्सकीय परामर्श के साथ हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्ब्युमिन, शुगर, मलेरिया, टीबी, हेपेटाइटिस, ओरल ग्लूकोज टेस्ट, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस की जांच की जाती है। चिकित्सकीय परामर्श अनुसार सोनोग्राफी एवं थायराइड की जांच भी की जाती है। मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए, उच्च जोखिम की गर्भवती महिलाओं का सही समय पर चिन्हांकन किया जाना बेहद आवश्यक है। जिससे इन गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। हाईरिस्क महिलाओं की न्यूनतम 4 जांचों के साथ 3 अतिरिक्त जांचे भी की जाती हैं। जिनमें से न्यूनतम एक जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है।


पिपरिया में भोपाल मूल्य पर कम्प्यूटर प्राप्त करें।

सेल्स एंड सर्विसेस 5/9/2019 से चालू

**शुभ एसोसिएट्स**

●ब्राण्डेड कम्प्यूटर ●कम्प्यूटर असेम्बलिंग ● पुराने कम्प्यूटर अपग्रेडिंग ● सेकेन्ड हेण्ड कम्प्यूटर उपलब्ध ● कम्प्यूटर रिपेयरिंग ●कम्प्यूटर नेटवर्किंग ●मासिक चार्ज पर रखरखाव ●कम्प्यूटर पार्ट्स एवं एसेसरीज ●सभी प्रकार के प्रिंटर सेल्स एवं रिपेयरिंग ● सभी प्रकार के टोनर की रिफिलिंग।

पता- मस्जिद के सामने, मंगलवारा बाजार, पिपरिया
मो. 9981573050

intel inside ASUS COMPAQ HCL HEWLETT PACKARD

## सभी एसडीएम उर्पाजन केन्द्रों की प्रतिदिन समीक्षा करें, निरीक्षण कर शिकायतों का निराकरण करें

जनसंपर्क नर्मदापुरम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने शनिवार को जिले में हो रहें गेंहू उपार्जन एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वो सभी गेहूं उपार्जन केन्द्रों में चल रहें उपार्जन कार्यो की प्रति दिन समीक्षा करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लाक लेवल समिति के सदस्यर जब भी भ्रमण पर जाएं तो उपार्जन केन्द्र में आवश्यक व्यावस्थाओं को चौक करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें। कलेक्टर ने सभी उपार्जन कार्य में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 95 प्रतिशत के नीचे गेहूं का परिवहन न हो यह सुनिश्च्चित करें। जिन उपार्जन केन्द्रों में वाहन नहीं पहुंच रहें है, वहां वाहन पहुचाएं और गेहूं का परिवहन करवाएं। कलेक्टर ने बताया गोदाम स्तरीय केंद्रों को भंडारण मोड में कर दिया है और यही भारतीय खाद्य निगम को भी परिवहन कराया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस व्यवस्था में कोई भी बाधा उत्पन्न न करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वेयरहाउस में सर्वेयर की व्यवस्था हो जाए। बताया गया कि वर्तमान में 80 अतिरिक्त रूप से सर्वेयर की व्यवस्था की गई है। सभी जगह समिति प्रबंधक एवं वेयरहाउस संचालकों की बैठक की जा चुकी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मंडी प्रबंधक एवं व्यापारियों सर्वेयर एवं ट्रांसपोर्टरों की बैठक भी कर ली जाए।

सभी एसडीएम ने कलेक्टर को अवगत कराया कि अनुविभाग स्तर पर प्रतिदिन 10 से 12 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो रही है। सर्वेयर की ट्रेनिंग भी आज करा ली गई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश का आकलन करते हुए सभी खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने मतदान की तैयारियो के संबंध में सभी एसडीएम को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी एसडीएम अपने अनुभाग में आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मतदान के दिन किसी भी स्थान में वाद विवाद की स्थिति निर्मित न हो। इसको दृष्टिगत रखते हुए एसडीओपी एवं पुलिस बल लगातार गस्त करती रहें। इसके पूर्व सभी एसडीएम ने अपने अपने विधानसभा से मतदान दल की रवानगी एवं वापसी, सामग्री वितरण, रूट चार्ट आदि के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम प्रातरू 11 तक पोलिंग पार्टी की रवानगी कर दें। रवानगी के बाद पोलिंग पार्टी अपने अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंची है कि नहीं यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सबसे दूरस्थ मतदान केंद्र में पोलिंग पार्टी के पहुंचने एवं वहां से वापसी पर विशेष ध्यान रखा जाए। बताया गया कि मतदान दल के भोजन की व्यलवस्थाक ग्रामीण क्षेत्र में स्व सहायता समूह एवं नगरीय क्षेत्र में संबंधित नगर पालिका द्वारा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल की वापसी के दौरान समय की बचत को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दल को वाहन में ही भोजन पैकेट दिया जाए।

कलेक्टर ने मतदान दल को मेडिकल किट देने के भी निर्देश दिए, सभी व्यवस्थाओं की 23 अप्रैल को मॉकड्रिल कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दौरान यदि कोई ईवीएम खराब होती है तो Quick Response Team रखी जाये।

कलेक्टर ने वेब कॉस्टिंग के लिए 24 घंटे शिफ्ट में कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश दिए। शेडो ऐरिया में रनर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए और कहा कि मतदाता को शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने मतदान के दिन फेक न्यूदज एवं मतदान प्रभावित करने वाले पोस्ट पर जानकारी प्राप्तइ कर 10 मिनिट में उसका खण्डन जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी के सिंह, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, सभी एसडीएम एवं गेहूं उपार्जन संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मतदान केन्द्रों के कवरेज के लिए आयोग के दिशा–निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम मतदान के कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों को जारी प्राधिकार–पत्र अहस्तांतरणीय है। जिस मीडिया कर्मी के नाम से प्राधिकार पत्र जारी किया गया है, केवल वही व्यक्ति इसका उपयोग करेंगे। प्राधिकार–पत्र धारक मीडिया कर्मियों को मतदान के कवरेज के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों, मजिस्ट्रेट, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मीडिया प्राधिकार–पत्र धारक की पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी अपनी संतुष्टि करेंगे। मीडियाकर्मी को अपने प्राधिकार–पत्र के साथ पहचान के लिए अपना सहज पहचान पत्र और मीडिया संस्थान द्वारा जारी परिचय–पत्र साथ रखना होगा।

मतदान की गोपनीयता भंग न हो, इसलिए मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार की फोटो खींचना या वीडियो फिल्म बनाना सख्त मना है। मतदान केन्द्र से 100 मीटर के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति का साक्षात्कार लेना प्रतिबंधित है। मतदान केन्द्र के अन्दर किसी प्रकार का दखल, व्यवहार लोक प्रति. अधिनियम 1951 की धारा 131(1) (ख) अधीन दंडनीय अपराध है।

## पर्यटन स्थल पचमढ़ी में स्वीप गतिविधि से मतदाता जागरूकता की अनूठी पहल

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन हिल स्टेशन पचमढ़ी में इन दिनों पहुंच रहे सेकड़ो पर्यटकों को सतपुडा एडवेंचर क्लब द्वारा विभिन्न एडवेंचर द्वारा अनूठी पहल की गई है। बाइक राइडिंग, कार राइडिंग, पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया।



गोपी गहना
चांदी, सोना के आभूषण विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने पहली दुकान।
फोन–(07576) 220502, मो. 9425475981, 7693075981

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली, पिपरिया

विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम
श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स
(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)

हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है।

असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।
सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया
प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

पानी की किल्लत से छुटकारा........
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूबलेल बोरिंग, पाईप, सवमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान

महावीर पाइप्स
गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

# बड़े बांधों पर बिसूरते लोग

□ –कुलभूषण उपमन्यु

करीब सौ साल पहले हिमाचल में बनी 'शानन बिजली परियोजना' की लीज–समाप्ति ने बड़े बांधों की बहस को एक बार फिर हवा दे दी है। मसलन – क्या बड़े बांधों के निर्माण के दौर में किए जाने वाले वादे–दावे लाभ मिलने के बाद भी कोई अहमियत रखते हैं? 'नए भारत के मंदिर' कहे जाने वाले 'भाखरा' या 'पोंग' बांध अब तक क्यों अपने विस्थापितों का पुनर्वास नहीं कर पाए हैं? प्रस्तुत है, इसी की पड़ताल करता कुलभूषण उपमन्यु का यह लेख। – संपादक

ब्रिटिश राज में 1925 में कर्नल बेट्टी ने तत्कालीन राजा मंडी जोगिन्दर सेन से उनकी रियासत में पड़ने वाले क्षेत्र बारोट घाटी से सुरंग बनाकर उहल नदी का पानी जोगिन्दर नगर में लाकर बनने वाले प्रपात से बिजली बनाने की योजना पर बात की थी। राजा की सहमति के बाद राजा और कर्नल बेट्टी के बीच 99 साल की लीज़ पर अपने क्षेत्र को 'शानन बिजली परियोजना' के निर्माण के लिए देने का समझौता हुआ। अब 2 मार्च को यह लीज़ समाप्त हो गई है।

हिमाचल ने परियोजना पर अपना दावा पेश किया है। पंजाब इस 110 मेगावाट की परियोजना पर अपना कब्जा छोड़ना नहीं चाहता। इसके लिए उसने सर्वोच्च न्यायालय में स्टे के लिए रिट डालकर एक मार्च को स्टे ले लिया है। अब सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर 'शानन प्रोजेक्ट' का भविष्य निर्भर है।

हिमाचल प्रदेश की सीमा के अंदर कोई संपत्ति लीज़ की अवधि समाप्त होने के बाद भी पंजाब की संपत्ति बनी रहे यह किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। हिमाचल प्रदेश का पक्ष बहुत मजबूत है और प्रोजेक्ट का हक हिमाचल को मिलने की पूरी संभावना है।

पंजाब, हरियाणा और राजस्थान हिमाचल के बेसिन राज्य हैं। इस तरह इनका एक–दूसरे पर निर्भरता का प्राकृतिक रिश्ता है। इन राज्यों की जल–आपूर्ति पूरी तरह से हिमाचल के पर्यावरण प्रबन्धन पर निर्भर करती है। हिमाचल एक छोटा सीमान्त हिमालयी राज्य होने के कारण संसाधनों के मामले में कमजोर है। हिमालय बहुत ही नाजुक और कम उम्र की पर्वत श्रृंखला है जिसकी ढलानें तेज़, पथरीले, भू–क्षरण का शिकार और आवागमन के लिए कठिन है।

जहां निर्माण कार्य मंहगा और प्राकृतिक आपदाओं के खतरे का शिकार रहता है वहां की जमीनें उथली मिटटी वाली, कम उपजाऊ होती हैं। अधिकांश भू–भाग पथरीला और कुछ स्थायी बर्फ में ढका होने के कारण कृषि योग्य भूमि केवल 10: ही है। केवल वन संसाधन ही हिमाचल के पास हैं जिसका दोहन स्थानीय और राष्ट्रीय पर्यावरण हित के चलते नहीं किया जा सकता। वनों के अत्यधिक दोहन के परिणाम हम बाढ़ और सूखे के रूप में भुगतने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

साल–दर–साल ऐसे अनुभव सामने आते रहते हैं। जहां भी परियोजनाओं के लिए वन–कटान हुए हैं वहां बरसात में भूस्खलन झेलने पर मजबूर होना पड़ा है। विकास के वर्तमान ऊर्जा–सघन मॉडल में वातावरण में धुआं बढ़ता जा रहा है जिसके चलते वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है। दुनिया में औद्योगिक क्रांति के बाद 2 डिग्री से ज्यादा तापमान न बढ़े इस बात के प्रयास चल रहे हैं। इसलिए भी वन–संरक्षण और कार्बन प्रदूषण के लिए वन–संवर्धन की जरूरतें बढती जा रही हैं।

इस जलवायु परिवर्तन के दौर में हिमालय अधिक खतरे में आ गया है। माना जा रहा है कि आने वाले तीन चार दशकों में हिमालय के ग्लेशियर पिघलकर समाप्त हो जाएंगे। इस परिस्थिति में हिमालय के वनों द्वारा अवशोषित जल ही बेसिन राज्यों की जल–आपूर्ति के लिए आशा की किरण होगा। इन वनों की रक्षा और संवर्धन के लिए हिमाचल के पास आर्थिक साधन होने चाहिए और स्थानीय जनता को पलने के लिए भी साधन चाहिए।

इस दबाव में प्रदेश वन–संरक्षण जैसे जरूरी कामों के लिए धन उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। कर्ज लेकर राज्य का काम चलाना पड़ रहा है। इसलिए बेसिन राज्यों को अपने पर्यावर्णीय हितों, जल–आपूर्ति, जलवायु नियंत्रण, बाढ़ नियंत्रण, भूजल भरण जैसे निजी हितों को ध्यान में रखते हुए भी हिमाचल के प्रति सहानुभूति पूर्ण और जिम्मेदारी भरी नजर रखनी चाहिए, किन्तु तात्कालिक लाभ के लोभवश ये राज्य अपना भी दीर्घकालीन हित देखना नहीं चाहते। जिसका उदाहरण अन्य भी कई मामलों में सामने आता रहता है।

वर्ष 1950–60 के दशक में बना 'भाखड़ा बांध' अपने विस्थापितों को अब तक पूरी तरह से बसा नहीं पाया है। इसमें हरियाणा या पंजाब ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में कोताही की है। 'बीबीएमबी' (भाखरा–ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड) में 1966 में राज्य पुनर्गठन के समय तय की गई 7. 19: हिस्सेदारी का भुगतान अभी तक नहीं हो पा रहा है। हिमाचल के हक में हुए निर्णय के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 4000 करोड़ रुपए का एरियर हिमाचल को अभी तक नहीं दिया गया है।

'पोंग बांध' के साथ भी यही स्थिति है। राजस्थान ने हिमाचली विस्थापितों के साथ जिस तरह का गैर–जिम्मेदाराना व्यवहार आज दिन तक किया है, वह शर्मनाक है। आज दिन तक आवंटित भूमि पर हक हासिल करने के किए कई लोग मुकदमों में उलझे हुए हैं, जबकि परियोजना 70 के दशक में पूरी हो गई थी और पंजाब, राजस्थान को पानी और बिजली मिलने लग गई थी।

हिमाचल के हित आज तक फंसे हुए हैं। केंद्र सरकार को भी इस ओर ध्यान देकर निर्णय करवाना चाहिए, किन्तु वहां से भी चुप जैसी स्थिति क्यों बनी रहती है, समझ से परे है। ताज़ा मामला 'शानन परियोजना' का है जो हर हाल में हिमाचल को मिलनी ही चाहिए थी। जिसके लिए अब अनावश्यक रूप से कानूनी लड़ाई के हालात पैदा किये गए हैं। पंजाब बड़ा दिल करके न्याय के साथ खड़ा हो तो उसमें उसका अपना आर्थिक और पर्यावर्णीय हित जुड़ा है। हिमाचल के हिमालय के प्रति उदारता इन बेसिन राज्यों के अपने हित में किया गया दीर्घकालीन निवेश होगा, जिसके लाभ–हानि का गणित इन राज्यों को करना चाहिए। (सप्रेस)

–श्री कुलभूषण उपमन्यु स्वतंत्र लेखक हैं। 'हिमालय नीति अभियान' के अध्यक्ष हैं।

## शेडो एरिया से मिलेगी मतदान की जानकारी–मोबाइल रनर करेंगे काम

जनसंपर्क नर्मदापुरम । आगामी लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल 2024 को संपन्न होना है विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 में जिस मतदान केंद्र पर दूरसंचार अथवा मोबाइल की सुविधा नहीं है, निर्वाचन की जानकारी सिवनी मालवा कंट्रोल रूम तक पहुंचने के लिए रनर एक एवं दो को नियुक्त किया गया है। इस कार्य के लिए अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है विधानसभा क्षेत्र में 11 शैडो एरिया है जहां पर मोबाइल का कवरेज नहीं है जिसमे मतदान केंद्र पलासी, ढेकना, समरघा, मोरघाट पीपल गोटा, भावन्दा, बारासेल, राझी, ओझापुरा, दौडी, झुनकर आदि है। इसके अलावा नोडल अधिकारी के के यादव द्वारा जनपद सभागृह सिवनीमालवा में प्रशिक्षण दिया 24 अप्रैल को प्रातः 9.00 बजे से ड्राई रन किया जाएगा। रनर वन एवं रनर टू कंट्रोल रूम को सूचना प्रदान करेंगे, जिसमें कंट्रोल रूम को बताया जाएगा कि मतदान दल मतदान केंद्र पर पहुंचा या नहीं। कितने बजे पहुंचा, दिखावटी मतदान प्रारंभ हुआ या नहीं। वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के पश्चात प्रत्येक 2 घंटे की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देना होगा। मतदान समाप्ति के उपरांत मतदान दल रवाना हुआ या नहीं इसकी भी जानकारी मोबाइल से कंट्रोल रूम को देनी होगी।

विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान –
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।

ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं ।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
मो. 9806969697,
$ 9893692487,
9644200339
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है ।

# दमदम में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

जनसंपर्क नर्मदापुरम । लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान हेतु 05 दिन शेष बचे हैं। मतदाताओं को जागरूक कर वोट का प्रतिशत बढ़ाने का काम भी प्रशासनिक अमले के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के इसी क्रम में जनपद पंचायत नर्मदापुरम की दमदम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पूरे ग्राम में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। दमदम सोहागपुर 138 विधानसभा का ग्राम है जिसके अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 158 में 1045 मतदाता हैं। बीएलओ रोहित चौरे बताया कि विगत विधानसभा 2023 में पोलिंग बूथ पर 88.75 प्रतिशत मतदान हुआ था इस बार भी हमारी कोशिश है कि मतदान का प्रतिशत अच्छा रहे। ग्राम सचिव तुकाराम चौरे ने बताया कि दमदम पंचायत में 3 ग्राम आते हैं जिसमें इस मतदान केन्द्र पर दमदम एवं पिपरियाखुर्द 02 ग्राम सम्मिलित हैं दोनों ग्रामों जागरूकता अभियान चला जा रहा हैं एवं पूरा प्रयास किया जा रहा है कि दोनों ग्राम के मतदाता आकर शत प्रतिशत मतदान करें। जागरूकता अभियान की रैली में ग्राम पंचायत सचिव तुकाराम चौरे, सहायक सचिव रोहित चौरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता चौरे, मुन्नीय मेहरा आंगनवाड़ी सहायिका, इमरती बाई केवट, संगीता अहिरवार, आशा कार्यकर्ता राजश्री पटैल, प्रधान पाठक राजीव चौहान, शिक्षक पूनम तिवारी, प्रीति यदुवंशी, वंदना ठाकुर, ज्योति यादव एवं ग्राम के युवा सम्मिलित रहे।



# द्वितीय चरण के मतदान की अब आ गई बारी, मतदाता करले वोटिंग की तैयारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । प्रथम चरण के मतदान के बाद अब आ गई है बारी आगामी शुक्रवार 26 अप्रैल के द्वितीय चरण के मतदान की जिसमे होशंगाबाद लोकसभा का भी निर्वाचन होना है।

इसमें शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पाने कलेक्ट्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मतदाताओं को आ गये लोकसभा चुनाव, वोट करना न कोई भूले का संदेश दिया। सारिका ने मतदाताओ को कहा कि ये चुनाव पांच साल मे आते एक बार हैं इसमे वोट देना हमारा अधिकार है।

नवमतदाता को मतदान के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि देखा जा रहा है कि उनमें खुशियां अपार है, और वे प्रथम बार अपने वोट से सरकार बनाने जा रहे है।

मतदाताओं से कहा कि आओ मिलकर वादा करें हम, वोट करना न कोई भूलें। ध्यान रखें गर्मी हर साल आती है लेकिन आपको अपनी सरकार चुनने का मौका पांच साल मे एक बार मिलता है।

# लोकसभा निर्वाचन के लिए कुसुम महाविद्यालय से होगा सामग्री वितरण– स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में आयोग के निर्देशों से अवगत कराया

जनसंपर्क नर्मदापुरम । भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक तहसील कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में तहसीलदार राकेश खजूरिया भी उपस्थित थे।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि दिनांक 25 अप्रैल 2024 को मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण कुसुम महाविद्यालय से किया जाएगा सामग्री वितरण हेतु स्ट्रांग रूम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा। मतदान केंद्रों पर अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु संबंधित अभिकर्ता जिसे मतदान केंद्र पर अभिकर्ता नियुक्त किए जाने हेतु अभ्यर्थी द्वारा अधिकृत किया हो वह आयोग के नियमानुसार निर्धारित प्रारूप 10 में अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर युक्त प्रति संबंधित मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। दिनांक 26 अप्रैल को मतदान केंद्रों पर नियुक्त निर्वाचन अभिकर्ता दिखावटी मतदान के समय प्रातः 5.30 बजे उपस्थित रहकर अपनी उपस्थिति में दिखावटी मतदान की प्रक्रिया का अवलोकन करें।

मतदान दिवस पर मशीन सील करते समय समस्त अभिकर्ता उक्त सीलिंग कार्य पर हस्ताक्षर करेंगे। मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व आयोग के नियमानुसार प्रचार प्रसार बंद किया जाए, आयोग के नियम अनुसार समय–समय पर जारी की गई सूचना से आपको सूचित करने हेतु किसी एक व्यक्ति को अधिकृत करें, जो की 24 घंटे विधानसभा मुख्यालय पर उपस्थित हो सभी कार्यकर्ताओं को सूचित करें कि मतदान के पूर्व एवं मतदान प्रक्रिया के दौरान आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का पालन करें। अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ता पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में व्यय की गई राशि का लेखा जोखा व्यय दल को समय–समय पर या मांगे जाने पर उपलब्ध करावे। बैठक में भाजपा की ओर से रघुवीर राजपूत, आम आदमी पार्टी से अजय मालवीय, कांग्रेसी मुकेश पटेल, बसपा से मेघराज हरियाले, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई, निर्वाचन मीडिया प्रभारी राम मोहन रघुवंशी उपस्थित थे


**हाल, दुकान उपलब्ध**

दुकान, आफिस, कियोस्क के लिए किराये पर देना है।

**विशेषताएं–**

- प्राइम लोकेशन पर उपलब्ध
- वाइड कोरिडोर
- भूकम्प रोधी तकनिक से युक्त
- वाशरूम की सुविधा
- विट्रिकिएड फ्लोरिंग

**इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें –**
**स्थान –सिद्धेश्वर कॉम्पलेक्स पचमढ़ी रोड नाके के पास, पिपरिया , मो. 7748884849**

**बेचना है ।**
हुन्डई वरना कार चालू हालत में सभी कागज कम्पलीट 2006 मॉडल बेचना है । इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें ।
मो. 9425475498

**प्लाट के रेट में मकान**
पचमढ़ी रोड पर मेन रोड से 100-150 फुट अन्दर पक्का बना हुआ लगभग 30 x 90 में बेचना है । कीमत एक हजार रुपया वर्गफुट है । इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें ।
मो. 9425708959
28 अप्रैल से ....

**AYUSHI MUSIC ACADEMY**
No Age Limit Contact-Mob. 968598919, 7773097251
INDIAN CLASSICAL | SINGING CLASSICAL
SEMI CLASSICAL | BHAJAN
BOLLYWOOD ETC | DANCE CLASS
Sangeet Shikshak -
Ayushi Purohit ( M.A Music)
Aakash Sir ( B.A Music)
Affiliated to Prayag Sangeet Sansthaan Allahabad
Instrument Classes-Harmonium-Tabla-Dholak-Guitar-Keyboard-etc
Pachmarhi Road Above Parmgeeta Lodge Pipariya (M.P.)




अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।
**विजय ज्वेलर्स**
मेन रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन–मो. 9425475530




**द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेंटर**
डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां
ताजी लस्सी
मो. 9425310452
(पुड़ी सब्जी–गरमा गरम)






कहानी

# सर्वप्रथम हनुमान जी ने लिखी थी रामायण लेकिन फेंक दी थी समुद्र में, जानिए क्यों?

प्रभु श्री राम के जीवन पर अनेकों रामायण लिखी गई है जिनमे प्रमुख है वाल्मीकि रामायण, श्री राम चरित मानस, कबंद रामायण (कबंद एक राक्षस का नाम था), अद्भुत रामायण और आनंद रामायण। लेकिन क्या आप जानते है अपने आराध्य प्रभु श्री राम को समर्पित एक रामायण स्वयं हनुमान जी ने लिखी थी जो 'हनुमद रामायण' के नाम से जानी जाती है। इसे ही प्रथम रामायण होने का गौरव प्राप्त है। लेकिन स्वयं हनुमान जी ने ही अपनी उस रामायण को समुद्र में फ़ेंक दिया था। लेकिन उन्होंने ऐसा क्यों किया आइये जानते है शास्त्रों में वर्णित एक गाथा–

शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम रामकथा हनुमानजी ने लिखी थी और वह भी एक शिला (चट्टान) पर अपने नाखूनों से लिखी थी। यह रामकथा वाल्मीकिजी की रामायण से भी पहले लिखी गई थी और यह 'हनुमद रामायण' के नाम से प्रसिद्ध है।

यह घटना तब की है जबकि भगवान श्रीराम रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या में राज करने लगते हैं और श्री हनुमानजी हिमालय पर चले जाते हैं। वहां वे अपनी शिव तपस्या के दौरान एक शिला पर प्रतिदिन अपने नाखून से रामायण की कथा लिखते थे। इस तरह उन्होंने प्रभु श्रीराम की महिमा का उल्लेख करते हुए 'हनुमद रामायण' की रचना की।

कुछ समय बाद महर्षि वाल्मीकि ने भी 'वाल्मीकि रामायण' लिखी और लिखने के



बाद उनके मन में इसे भगवान शंकर को दिखाकर उनको समर्पित करने की इच्छा हुई। वे अपनी रामायण लेकर शिव के धाम कैलाश पर्वत पहुंच गए। वहां उन्होंने हनुमानजी को और उनके द्वारा लिखी गई 'हनुमद रामायण' को देखा। हनुमद रामायण के दर्शन कर वाल्मीकिजी निराश हो गए।

वाल्मीकिजी को निराश देखकर हनुमानजी ने उनसे उनकी निराशा का कारण पूछा तो महर्षि बोले कि उन्होंने बड़े ही कठिन परिश्रम के बाद रामायण लिखी थी लेकिन आपकी रामायण देखकर लगता है कि अब मेरी रामायण उपेक्षित हो जाएगी, क्योंकि आपने जो लिखा है उसके समक्ष मेरी रामायण तो कुछ भी नहीं है।

तब वाल्मीकिजी की चिंता का शमन करते हुए श्री हनुमानजी ने हनुमद रामायण पर्वत शिला को एक कंधे पर उठाया और दूसरे कंधे पर महर्षि वाल्मीकि को बिठाकर समुद्र के पास गए और स्वयं द्वारा की गई रचना को श्रीराम को समर्पित करते हुए समुद्र में समा दिया। तभी से हनुमान द्वारा रची गई हनुमद रामायण उपलब्ध नहीं है।

हनुमानजी द्वारा लिखी रामायण को हनुमानजी द्वारा समुद्र में फेंक दिए जाने के बाद महर्षि वाल्मीकि बोले कि हे रामभक्त श्री हनुमान, आप धन्य हैं! आप जैसा कोई दूसरा ज्ञानी और दयावान नहीं है। हे हनुमान, आपकी महिमा का गुणगान करने के लिए मुझे एक जन्म और लेना होगा और मैं वचन देता हूं कि कलयुग में मैं एक और रामायण लिखने के लिए जन्म लूंगा। तब मैं यह रामायण आम लोगों की भाषा में लिखूंगा।

माना जाता है कि रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास कोई और नहीं बल्कि महर्षि वाल्मीकि का ही दूसरा जन्म था। तुलसीदासजी अपनी 'रामचरित मानस' लिखने के पूर्व हनुमान चालीसा लिखकर हनुमानजी का गुणगान करते हैं और हनुमानजी की प्रेरणा से ही वे फिर रामचरित मानस लिखते हैं।

माना जाता है महाकवि कालिदास के समय में एक पटलिका को समुद्र के किनारे पाया गया जिसे कि एक सार्वजनिक स्थल पर टांग दिया गया था ताकी विद्यार्थी उस गूढ़लिपि को पढ़कर उसका अर्थ निकाल सकें। ऐसा माना जाता है कि कालीदास ने उसका अर्थ निकाल लिया था और वो ये भी जान गये थे कि ये पटलिका कोई और नहीं अपितु हनुमानजी द्वारा रचित हनुमद रामायण का ही एक अंश है जो कि पर्वत शिला से निकल कर जल के साथ प्रवाहित होकर यहां तक आ गया है।

साभार-पौराणिक कथाएं


## महेश कान्वेंट उच्च. मा. विद्यालय पिपरिया

क्र. 534 **आवश्यकता** दि. 19-4-2024

संस्था में निम्न पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 30-4-2024 तक आवेदन पत्र व्यक्तिगत विवरण एवं मार्कशीट सहित आमंत्रित हैं।

| क्र. | पद | विषय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य | - | स्नातकोत्तर/बी.एड |
| 2. | शिक्षक | हिन्दी | एम.ए. हिन्दी/बी.एड |
| 3. | शिक्षक | अंग्रेजी | एम.ए. अंग्रेजी/बी.एड |
| 4. | शिक्षक | कम्प्यूटर | पी.जी.डी.सी.ए. हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग |
| 5. | शिक्षक | वाणिज्य | बी.कॉम/एम.कॉम, बी.एड |
| 6. | क्लर्क | (कार्यालय हेतु) | बी.कॉम/एम.कॉम |
| 7. | भृत्य | - | उम्र 18 से 35 वर्ष तक |

**कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक प्रवेश प्रारंभ**

**मो. 8989424842, 8269556633**

सचिव
सुधीर मूंदड़ा
महेश कान्वेंट उच्च. मा. विद्यालय
पिपरिया


।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



**अखण्ड ज्योति**

**ऋषि चिंतन के सान्निध्य में**

# अनीति से धन मत जोड़िए

अनीति से संचय किया हुआ धन कभी आनंददायक नहीं होता। वह बुरी तरह नष्ट हो जाता है। उसके नष्ट होने पर लोग रोते हैं, सिर धुनते हैं, यहां तक कि पागल भी हो जाते हैं, परन्तु फिर भी अपनी भूलों को स्वीकार नहीं करते। यदि वे यह समझने लगें कि मेरा संचित किया हुआ धन नष्ट होने पर मुझे जैसा दुःख हो रहा है , वैसे ही जिसके धन को मैंने अनधिकार ग्रहण किया , उसे भी दुःख होता होगा, तो वह अपहरण का अन्याय करने को तत्पर नहीं हो सकता। जब तक मनुष्य में इस प्रकार के आत्मभाव की कमी रहेगी। वह कभी भी वास्तविक उन्नति के शिखर पर नहीं चढ़ सकता।

अपार धन का स्वामी होने पर भी कोई सुख और शांति नहीं प्राप्त कर सकता। कहीं अनाचार और अत्याचार से एकत्रित किए हुए धन से कोई सुखी भी रहा है ! जिन व्यक्तियों के कर्म शुभ हैं और जिनका लक्ष्य उत्तम है , वे अपनी संपूर्ण संपत्ति त्याग देने पर भी दुःखी नहीं होते। उनके सुख की सामग्री सर्वथा एकत्रित ही रहेगी।

धन वही फलीभूत होगा जो परिश्रम एवं ईमानदारी से उचित प्रयत्नों द्वारा प्राप्त किया जाता है। अन्यायोपार्जित धन चाहे कितनी ही जल्दी, कितनी ही अधिक मात्र में एकत्रित क्यों न हो जाए, पर उससे रोग, शोक, चोरी, विपत्ति, राजदंड, हानि आदि का ही कुयोग जमेगा और वह धन अनेकानेक प्रकार के दुःख देता हुआ नष्ट होगा।

-अखण्ड ज्योति-मई 1949 पृष्ठ-2

# सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार ने देखा मतदान दलों का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण–364 मतदान कर्मी उपस्थित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा का निर्वाचन संपन्न होना है जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के मतदान दलों को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में प्रशिक्षण द्वितीय दिवस भी जारी रहा अब पूरे मतदान दल को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय प्रातः 10.00 बजे से 5.00 बजे तक रखा गया है । प्रातः 10.00 बजे से 1.00 बजे तक सभी प्रपत्र जैसे मत पत्र लेखा , पीठासीन की डायरी समीक्षा प्रपत्र 16 बिंदु का प्रपत्र आदि भरना मतदान पूर्व की तैयारी मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने हेतु विभिन्न प्रपत्र तथा लिफाफों को तैयार करना। दोपहर 2.00 बजे से 5.00 तक मतदान प्रक्रिया का सामान्य प्रशिक्षण विशेष स्थितियां एवं ईवीएम मशीन का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स डॉ सुनील सोनी, सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, मनित कुमार दुबे, उमेश धुर्वे, डॉ प्रशांत चौरसिया, मुकेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मोहन हिंडोलिया के द्वारा दिया जा रहा है । मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज सिंह परिहार ,तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा किया गया सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान सामग्री प्राप्त होने पर कंट्रोल यूनिट को चालू करके देखें आपस में कनेक्ट ना करें पीठासीन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मत प्रतिशत एप्प डाउनलोड करना है, तथा मतदान सामग्री प्राप्त होने से लेकर मतदान सामग्री जमा होने तक की जानकारी फीड करना है प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस 364 मतदान कर्मी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता के लिए रैली आयोजित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । लोकसभा निर्वाचन 2024 की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के निर्देशों के परिपालन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां निरन्तर आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों की इसी श्रृंखला में शुक्रवार 19 अप्रैल को कलेक्ट्रेट गेट से जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता महारैली का आयोजन किया। रैली के एक हजार से अधिक लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर जनसामान्य में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में समाजसेवी संस्था, लायंस क्लब, स्वसहायता समूह, आंगनबाड़ी, खेलसंघ, गृह विज्ञान महाविद्यालय, नर्मदा महाविद्यालय, सेमेरिटन स्कूल, सरवाईट स्कूल,शांति निकेतन स्कूल, स्प्रींगडेल्स स्कूल, शासकीय कन्या उमावि के विद्यार्थियों सहित शिक्षका/शिक्षिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर जनसामान्य को मतदान में अपनी हिस्सेदारी निभाने के लिए जागरूक किया। रैली में विद्यार्थियों ने बैंड बजाकर रैली को आमजन के बीच आकर्षण का केन्द्र बनाने में महती भूमिका निभाई। रैली में खेल संघो ने मतदाता जागरूकता के लिए हॉकी, हैण्डबॉल, व्हालीबॉल, कराते, फुटबॉल, बैडमिंटन जैसे अन्य खेलो की झांकी प्रस्तुत कर जनसामान्य का ध्यान आकर्षित किया।

मतदाता जागरूकता रैली में जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल, लायंस क्लब के दिलीप सिंह डांगी, जिला प्रशासन से शेलेष उइके, जिला शिक्षा विभाग से वंदना रघुवंशी, बख्तावर खान, कमल पटेल, स्नेहा, चेतन आंकरे, आस्कर ऐरिन मोजिस, पवन कुमार, चंदा मिश्रा, दारासिंह, जयसिंह भदौरिया की अहम भूमिका रही। रैली के रूट का संचालन श्रीमती आरती शर्मा ने कुशलता पूर्वक किया। रैली का समापन एसपी ऑफिस के सामने कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुआ। रैली में शामिल सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं व रैली में शामिल अन्य आमजनो को आगामी 26 अप्रैल को मतदान में शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। रैली के सफलता पूर्ण आयोजन में जिला चिकित्सालय, नगर पालिका एवं यातायात विभाग का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र, पिपरिया

क्रमांक/233/ज.शि.के./2024 पिपरिया दिनांक -18-4-2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

इस आम सूचना द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र पिपरिया को सत्र 2024-25 के लिये निम्न सामग्री वाहन आदि की आवश्यकता है। जिसके लिये निविदायें आमंत्रित की जाती है इच्छुक व्यक्ति/विक्रेता अधोहस्ताक्षरकर्ता के पते पर विज्ञापन दिनांक से 04 दिवस के अन्दर सीलबंद लिफाफे में निविदायें प्रस्तुत कर सकते हैं। आवश्यकतानुसार सामग्री का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | नाम सामग्री/अन्य | विशेष |
|---|---|---|
| 01 | स्टेशनरी, ए-4 साइज कम्प्यूटर पेपर/100 पेज रजिस्टर/एक दस्ता रजिस्टर/ फाइल कवर /कार्बन पेपर/टी पिन पेपर/कार्ड शीट/स्केज पेन पैकेट | |
| 02 | ए-4 साइज पीडीएफ साइज प्रिंटिग प्रतिपृष्ठ/फोटो कॉपी प्रतिपृष्ठ | |
| 03 | परिवहन वाहन-पिकअप, छोटा ट्रक, लोडिंग आटो, फोर व्हीलर | विकासखण्ड पिपरिया की 212 शालाओं में पुस्तक परिवहन हेतु |
| 04 | वाहन-बोलेरो, जीप, इंडिका, ट्रेक्स आदि | विकासखण्ड की शालाओं की मॉनिटरिंग एवं होशंगाबाद जाने हेतु |
| 05 | वाहन (4 व्हीलर गेयर) बोलेरो, जिप्सी | पहाड़ी क्षेत्र की शालाओं में मॉनिटरिंग हेतु |

नोट-1. निश्चित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. निविदा से संबंधित समस्त सामान्य शर्तें छुट्टी के दिनों को छोड़कर कार्यालय समय में देखी जा सकती है। जो सर्वमान्य एवं बंधनकारी होगी।
3. निविदा सत्र 2024-25 संपूर्ण 1 वर्ष के लिये मान्य होंगी।

**विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक**
**जनपद, शिक्षा केन्द्र, पिपरिया**


स्वस्थ आहार, स्वाद मेजदार...

रघुजी नमकीन

एक विश्वास

रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार

**शोभापुर रोड, पिपरिया** Ph.224241,

-**प्रो. संतोष साहू** Mob- 8839911938 **संदीप साहू** Mob- 9425310471





# सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने करें सभी जरूरी तैयारी

## भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण के मतदान की तैयारियों की समीक्षा में दिये निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग श्री राजीव कुमार ने गुरुवार को लोकसभा निर्वाचन – 2024 के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने कहा कि सुचारू, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिये सभी जरूरी तैयारियां समय सीमा में पूरी करें। आगामी 7 दिन सभी प्रेक्षक लगातार फील्ड में रहकर तैयारियों की मॉनिटरिंग करें। इस दौरान निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और श्री सुखवीर सिंह संधू भी उपस्थित थे।

श्री राजीव कुमार ने कहा कि सभी प्रेक्षक अभ्यर्थी और राजनैतिक दलों को अपने मोबाइल, लैंडलाइन, ईमेल और निवास स्थान की जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे वे किसी भी घटना की जानकारी तुरंत दे सकें। अपनी उपस्थिति में पुलिस फोर्स के डिप्लायमेंट, ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट और मतदान दल के कर्मचारियों का रेंडमाइजेशन करवायें। सुरक्षा व्यवस्था की सतत समीक्षा करें। मतदाता सूचना पर्चियों का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करें। मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर वहां पर जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं अन्य मीडिया में चलने वाली नकारात्मक खबरों का तथ्यों के साथ खण्डन जारी करवायें। मतदान सामग्री का वितरण सावधानी से करवायें।

# मतदान केन्द्रों के कवरेज के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश

## प्राधिकार पत्र को प्रयोग करने के लिए इन दिशा–निर्देशों का पालन करना जरूरी

जनसंपर्क नर्मदापुरम लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मीडिया प्रतिनिधियों को जारी प्राधिकार पत्र इस विनिर्दिष्ट शर्त के अधीन जारी किया जाता है कि इस प्राधिकार पत्र के धारक को पूरे समय रिटर्निंग ऑफिसरों, सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों, पीठासीन अधिकारियों, मजिस्ट्रेटों, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के सभी निर्देशों का पालन करना होगा। किसी भी स्थिति में यह प्राधिकार पत्र हस्तान्तरणीय नहीं है और इसका प्रयोग केवल उस व्यक्ति द्वारा ही किया जाएगा जिसका नाम पन्ने की दूसरी तरफ दिया हुआ है। प्राधिकार पत्र के धारक की पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी अपनी संतुष्टि करेंगे। इसमें जिसका नाम दिया गया है उस व्यक्ति को छोड़कर किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग गंभीर अपराध है और इस कारण वह व्यक्ति उचित कानूनी कार्यवाही का भागी होगा।


व्यक्ति सहज पहचान के लिए अपना पहचान– पत्र और परिचय कार्ड साथ में लाएं, जो उन्हे उस संस्था द्वारा जारी किया है, जिसका वह प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मतदान केन्द्र में प्रवेश करने वाले मीडिया के लोगों को चाहिए कि वे किसी प्रतिबंधित दस्तावेज को हाथ नही लगाएं और न ही किसी व्यक्ति का साक्षात्कार लें और किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैलाए। मतदान केन्द्र के अंदर किसी भी प्रकार का दखल व्यवहार लो० प्रति० अधिनियम, 1951 की धारा 131 (1) (ख) के अधीन दण्डनीय अपराध है, जिसके लिए जुर्माने के साथ 3 माह तक की सजा या दोनों हो सकते हैं। मतदान के दिन गैर–प्रचार अभियान जोन अर्थात् मतदान केन्द्रों से 100 मीटर के क्षेत्र में कोई साक्षात्कार आदि नहीं लिया जा सकता।

–राजपाल यादव द्वारा

## बनखेड़ी समाचार

# परलोक की यात्रा

-संत राजिन्दर सिंह जी महाराज



सभी संत–महापुरुष हमें समझाते हैं कि हममें से हरेक को एक न एक दिन शरीर छोड़कर परलोक की यात्रा पर जाना होगा। फिर भी बहुत कम लोग यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि जब इस दुनिया में हमारे रहने का समय पूरा हो जाएगा तो हमारी अगली यात्रा कैसी होगी और उसके लिए हमें कैसी तैयारी करनी चाहिए? यदि हमें कहीं दूर कोई पैतृक संपत्ति मिली हो और हमें वहाँ जाना हो तो हम उस जगह के बारे मे अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। हम नक्शे में उसे खोजेंगे, वहाँ के मौसम के बारे में पढ़ेंगे और उसकी भौगोलिक विशेषताओं की जानकारी प्राप्त करेंगे। हम वहाँ की संस्कृति, भाषा, परंपराओं को भी सीखेंगे। वहाँ जाकर स्थायी रूप से बसने से पहले हम उस जगह का अनुभव करने के लिए वहाँ एक चक्कर भी जरूर लगाएंगे।

हालाँकि इस धरती पर एक जगह से दूसरी जगह बसने के लिए हम काफी सावधानी बरतते हैं परंतु जब इस भौतिक जगत को छोड़कर परलोक में जान की बात आती है तो उस समय हम सब अज्ञानी बने रहते हैं। क्या हममें से कभी किसी ने उस स्थान के बारे में गंभीरता से जानने की कोशिश की है, जो इस दुनिया में हमारे रहने की अवधि पूरी हो जाने के बाद हमारे लिए परमात्मा द्वारा परलोक में आरक्षित किया गया है? यह एक ऐसा विषय है जिसके बारे में हम शायद ही कभी विचार करते हैं। हम ज़िंदगी ऐसे गुजारते हैं, जैसे कि हमें सदा यही रहना हो। हम अपने परलोक जाने की बात को तब तक गंभीरता से नहीं लेते, जब तक कि हमें किसी गंभीर बीमारी के हो जाने की रिपोर्ट न मिल जाए अथवा हम किसी गंभीर दुर्घटना के शिकार होकर खतरे की हालत में न पहुँच जाएं।

क्योंकि हमारे पास यहाँ केवल साठ, अस्सी या सौ वर्ष का समय है और मृत्यु के पश्चात अनंत जीवन काल है। इसलिए परलोक के रूहानी मंडलों के बारे में जानकारी प्राप्त करना हमारे हित में है। जब हम परलोक के मंडलों के बारे में सोचते हैं तो हमारे मस्तिष्क में सामान्यतः वह तस्वीर उभरती है जिसका वर्णन हमारे मंदिर, गिरजाघर या पूजा के किसी अन्य स्थान में किया जाता है। हममें से बहुत से लोग सोचते हैं कि यह हमारे ऊपर या समुद्र के पार अथवा आसमानों के पार कहीं दूर स्थित कोई स्थान होगा। परलोक के मंडल वास्तव में कहाँ पर हैं? प्रभु को पाने के लिए हमें कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है, प्रभु हमारे अंतर में हैं। हम अपना हृदय प्रेम के द्वारा निर्मल करके प्रभु को पा सकते हैं। आध्यात्मिक मंडल बाह्य अंतरिक्ष में नही बल्कि हमारे अंतर में हैं। परलोक में एक बेहतरीन जीवन जीने के लिए हमें अपने शेष भौतिक जीवन में प्रेम के इस नियम को अपनी दिनचर्या में ढालना होगा।

हमें भी अपने आपको उस दिन के लिए तैयार करना है, जब इस जीवन में हमारा समय पूरा हो जाएगा। हम भी परलोक में अपने लिए एक सुंदर स्थान सुरक्षित कर सकते हैं पर इसके लिए हमें इस लोक में अपना समय समझदारी से खर्च करना होगा। अगर हम अपना जीवन प्रभु–प्रेम निष्काम सेवा और ध्यान–अभ्यास को समर्पित कर देंगे तो हम परलोक के मंडलों में एक आलीशान ठिकाना तैयार कर लेंगे।

जो लोग रूहानी देशों की यात्रा करने के इच्छुक हैं, उनके लिए टिकट मुफ्त है और किसी पासपोर्ट या वीज़ा की ज़रूरत नहीं है। हमें सिर्फ ध्यान–अभ्यास द्वारा ऊपर उठने की तकनीक सीखनी है और प्रभु के साम्राज्य का नियम सीखना है और वह नियम है दूसरों से प्रेम करना। यह यात्रा सभी के लिए खुली है। अब यह हम पर निर्भर है कि हम प्रभु से मिले इस आशीर्वाद का लाभ उठाएं और अपने इसी जीवन में रूहानी देशों की यात्रा कर लें।

# मतदान केन्द्रों के कवरेज के लिए आयोग के दिशा–निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम मतदान के कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों को जारी प्राधिकार–पत्र अहस्तांतरणीय है। जिस मीडिया कर्मी के नाम से प्राधिकार पत्र जारी किया गया है, केवल वही व्यक्ति इसका उपयोग करेंगे। प्राधिकार–पत्र धारक मीडिया कर्मियों को मतदान के कवरेज के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों, मजिस्ट्रेट, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

मीडिया प्राधिकार–पत्र धारक की पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी अपनी संतुष्टि करेंगे। मीडियाकर्मी को अपने प्राधिकार–पत्र के साथ पहचान के लिए अपना सहज पहचान पत्र और मीडिया संस्थान द्वारा जारी परिचय–पत्र साथ रखना होगा।

मतदान की गोपनीयता भंग न हो, इसलिए मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार की फोटो खींचना या वीडियो फिल्म बनाना सख्त मना है। मतदान केन्द्र से 100 मीटर के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति का साक्षात्कार लेना प्रतिबंधित है। मतदान केन्द्र के अन्दर किसी प्रकार का दखल, व्यवहार लोक प्रति. अधिनियम 1951 की धारा 131(1) (ख) अधीन दंडनीय अपराध है।

# श्री हनुमानजी जी जयंती पर अखंड रामायण पाठ

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी नगर में श्री हनुमानजी की जयंती पर शोभायात्रा निकालकर हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया गया तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम के नर्मदा सेवा भक्तों ने बाजार परिसर में श्री हनुमानजी मंदिर में पूजा अर्चना कर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है अखंड रामायण पाठ के पूरा होने पर प्रसाद वितरण किया गया जिसमें ग्राम के नागरिकों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रीं हनुमानजी से प्रार्थना करते हुए पूरे गांव को स्वस्थ और सुखी संपन्न सद्भावना बनीं रहे ऐसे कामना की है समिति से जुड़े हुए सदस्यों में महंत भगवान दास पटेल गोरे लाल साहू ओमकार सिंह बैजनाथ पटेल परसोत्तम भार्गव और गांव के नागरिकों ने भाग लिया आस्था और विश्वास से श्री हनुमानजी मंदिर में पूजा अर्चना कर गांव में रहने वाले नागरिकों के लिए आशीर्वाद मांगा ।




# रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा का हुआ स्वागत

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** बनखेड़ी नगर में धर्म प्रेमीयो के द्वारा नगर के गणमान्य नागरिक और समाजसेवी हिन्दू सनातन संस्कृति को मानने वाले समाजसेवी एवं कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आंनद पलिया मंडलम अध्यक्ष मुकेश कुमार पांडेय नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू राजकुमार कुशवाहा नीलेश व्यास चन्द्रभान गढ़वाल कुंजी लाल पटेल राजेश कुमार महेरा और नगर के गणमान्य नागरिकों ने शोभायात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया श्री हनुमानजी मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना करते हुए किया गया श्री हनुमानजी की आरती उतारी गई नगर के नागरिकों ने जगह जगह शोभायात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया ।





# मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व 24 अप्रैल शाम 6 बजे से थम जाएगा चुनाव प्रचार

जनसंपर्क नर्मदापुरम लोकसभा निर्वाचन–2024 के तहत 26 अप्रैल को होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र 17 में प्रातरू 07रू00 बजे से शाम 06.00 बजे तक मतदान किया जाएगा।

मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व 24 अप्रैल 2024 को शाम 6रू00 बजे के बाद से चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा तथा इसके पश्चात कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जिसमें 5 या अधिक व्यक्ति शामिल हो, उनके जुलूस, नारेबाजी तथा किसी भी प्रकार के ऐसे पर्चे वितरण करने पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिससे उत्तेजनात्मक स्थिति उत्पन्न हो। इसके बाद किसी भी प्रकार से किए जाने वाला चुनाव प्रचार, रैली, ध्वनि विस्तारक यंत्र, नुक्कड़ सभाएं एवं आमसभाएं, एसएमएस व व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से प्रचार संबंधी क्रियाकलापों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवधि में अभ्यर्थियों द्वारा डोर–टू–डोर कैंपेनिंग पूर्ण शांतिपूर्ण तरीके से किया जा सकेगा। इसके साथ ही मतदान दिवस पर मतदान केंद्र की 100 मीटर की परिधि में मतदान में लगे शासकीय सेवकों एवं पुलिसकर्मियों को छोड़कर मोबाइल फोन, कॉर्डलेस फोन एवं अन्य संचार उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे।

## करेली समाचार-

# नर्मदा में डूबने से एक महिला की मौत

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।** भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि बरमान में नर्मदा नदी सूरजकुंड में डूबने से महिला की हुई मौत हो गई बरमान सूरजकुंड का है जहां सागर से आए स्नान करने एक ही परिवार के 6 सदस्य थे जिसमें 5 को सुरक्षित निकाला गया पर महिला की डूबने से मौके पर ही हुई मौत हो गई ।

-भागीरथ तिवारी

# आपकी जिम्मेदारी को बतायेगा उंगली पर लगा चुनाव का निशान

### 26 अप्रैल को दिखाना है आपकी उंगली की ताकत ईवीएम की बटन दबाकर आपकी उंगली में है सरकार बनाने की ताकत

जनसंपर्क नर्मदापुरम । द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को होने जा रहे चुनावों में सभी मतदाताओ की भागीदारी सुनिश्चित करने कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की पहल पर पर्यटन स्थलों पर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मतदाताओं से अपील की कि आपकी उंगली में ये हिम्मत है कि वो आने वाले पांच सालों के लिये देश की सरकार बना सकती है। इसके लिये अब सभी मतदाताओं को घर से निकलना है और मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान कर अपनी सरकार बनाना है और इसके माध्यम से आपकी उंगली की ताकत दिखाना है।

सारिका ने कहा कि नवमतदाता एवं युवा अपनी ताकत पहचाने क्योंकि मतदाता ही लिखेंगे आने वाले देश की किस्मत। देश को दिशा दिलाने के लिये वोट देने जरूर जाना है। वोट देकर आप गर्व से कहिये इट इज माई मार्क ये मेरा निशान।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु सिवनीमालवा में शत प्रतिशत मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के दिए निर्देश – सीईओ रावत

### मतदाता जागरूकता शपथ और हस्ताक्षर अभियान चलाया

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नगर पालिका परिषद सिवनीमालवा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप गतिविधियां संचालित कराई जा रही है जिसमे शत प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सोजन सिंह रावत द्वारा शासकीय कुसुम महाविद्यालय में सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ–साथ बैग ग्रुप बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सदस्यों को 26 अप्रैल 2024 को सिवनीमालवा में होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के साथ–साथ मतदान केदो में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या ना हो साथ ही विवाह मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले परिवारों सदस्यों की जानकारी एकत्रित कर सभी को मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए एवं नोक द डोर (दस्तक अभियान) चलाने के लिए निर्देशित किया गया जिसमें एसडीएम रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती सरोज़ परिहार, तहसीलदार श्री राकेश खजूरिया, श्री नितिन राय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री शीतल भलावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी मालवा श्रीमती श्रुति चौधरी, महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेखा यदुवंशी, राजस्व उप निरीक्षक श्री अमर सिंह उइके, स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा,स्वीप नोडल अधिकारी सचिन मलैया के साथ–सा समस्त बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## घर–घर पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित

### 26 अप्रैल को विवाह होने वाले मतदाताओं के परिवार वालो को मतदान करने के लिए विशेष सुविधा

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सोजन सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में 23 अप्रैल मंगलवार को नर्मदापुरम शहरी के ग्वालटोली में वार्ड नंबर 29, 30, 31, 32 एवं 33 में मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों के द्वारा घर–घर जाकर पीले चावल देकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया और साथ ही मतदान दिवस 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सभी मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसी दौरान जिन मतदाताओं के यहां 26 अप्रैल को विवाह संबंधी कार्यक्रम है उन्हें मतदान करने हेतु विशेष सुविधा दी गई। इसके तहत ऐसे मतदाताओं को लाईन में ना लगकर सीधे मतदान करने की सुविधा रहेगी। घर–घर पीले चावल देने के साथ ही मतदान करने की शपथ भी दिलवाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर–घर जाकर नाक टू डोर सर्वे कर मतदाता पर्ची वितरण को सुनिश्चित किया गया व मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत ने ली बूथ लेबल जागरूकता समूहों की बैठक

जनसंपर्क नर्मदापुरम । लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद पंचायत नर्मदापुरम एवं नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम के अंतर्गत समस्त आने वाले मतदान केन्द्रों के बूथ लेबल जागरूकता समूहों की बैठक स्थानीय नर्मदा महाविद्यालय में सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के नेतृत्व में संपन्न हुई । बैठक में मतदान का प्रतिशत बेहतर रहे एवं मतदान केन्द्र पर सुविधायें ठीक रहें इसके लिये चर्चा की गई । बूथ लेबल मतदाता जागरूकता समूह के साथ की गई। बैठक में श्री रावत ने बताया कि इस बार मतदान दिवस के दिन शादियां अधिक हैं एवं मतदान के दिन गर्मी भी अधिक रहेगी इन दोनों कारणों से मतदान पर असर नहीं हो इसके लिये जो भी शादी वाले परिवार हैं उनके घर जाकर संपर्क करें ताकि वे मतदान अवश्य करें शादी में जिनके यहां बारात आना है वह परिवार घर पर ही रहेगा उसको केवल मतदान के लिये प्रेरित करना है दूसरा जिन परिवारों के घर से बारात जाना है आपको उस परिवार को वोट डालकर ही बाहर जाये ऐसी समझाईश देना है आपने कहा कि कुछ परिवार ऐसे भी होंगे जिनके रिस्तेदारों के यहां शादी है एवं घर से बाहर जाना है आपको ऐसे परिवारों का चिन्ह्यांकन करना है जिन्हें मतदान करने के उपरांत ही विवाह में सम्मिलित होने की समझाइश दी जाना है। आपने बीएलओ को निर्देशित किया की मतदाता पर्ची वितरण का कार्य 100 प्रतिशत हो जाये ।

26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाओं के संबंध में श्री रावत के द्वारा निर्देश दिये गये है प्रत्येक मतदान केन्द्र पर छाया हो , मतदाताओं के लिये बैठने की व्यवस्था हो, शीतल पेयजल की व्यवस्था हो, मतदान केन्द्र पर कूलर हो। आपने कहा कि किसी भी प्रकार से मतदाता एवं मतदान दल को परेशानी नहीं होना चाहिये।

मतदान दिवस में 03 दिन शेष बचे हैं आपने कहा कि इन तीन दिनों में दस्तक अभियान चलाईये एवं घर घर जाकर मतदाताओं को जागरूक कीजिये कोई भी मतदाता बगैर मतदान के नही रहे । बैठक में सीईओ जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार, सहित नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम एवं जनपद पंचायत अंतगर्त आने वाली 49 पंचायतों के मतदान केन्द्रों के बूथ लेबल मतदाता जागरूकता समूहों के सदस्य शामिल रहे।

-रामगोपाल गौर

## लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु बनखेडी में शत प्रतिशत मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश एवं मतदाता जागरूकता शपथ और हस्ताक्षर अभियान चलाया

जनसंपर्क नर्मदापुरम नगर पालिका परिषद बनखेड़ी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप गतिविधियां संचालित कराई गई जिसमे शत प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान कैंप में जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री सोजन सिंह रावत द्वारा हस्ताक्षर कर शत प्रतिशत मतदान किए जाने की शपथ कराई। जनपद पंचायत बनखेड़ी सभाकक्ष में सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ–साथ बैग ग्रुप बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सदस्यों को 26 अप्रैल 2024 को बनखेड़ी में होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के साथ–साथ मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या ना हो साथ ही विवाह मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले परिवारों सदस्यों की जानकारी एकत्रित कर सभी को मतदान करने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए एवं नोक द डोर (दस्तक अभियान) चलाने के लिए निर्देशित किया गया जिसमें श्री संतोष रघुवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, श्रीमति सुमन खातरकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बनखेड़ी, महिला बाल विकास अधिकारी, सहा.राजस्व निरीक्षक अरविन्द सराठे स्वीप नोडल अधिकारी के साथ– साथ समस्त बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# सिवनीमालवा में मतदान दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ – ईडीसी का वितरण जारी

## तहसीलदार ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण

जनसंपर्क नर्मदापुरम । भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा का निर्वाचन संपन्न होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के मतदान दलों को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है एवं पूरे मतदान दल को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय प्रातः 10.00 बजे से 5रू00 बजे तक रखा गया है। प्रातः 10.00 बजे से 1.00 बजे तक सभी प्रपत्र जैसे मतपत्र लेखा, पीठासीन की डायरी समीक्षा प्रपत्र 16 बिंदु का प्रपत्र आदि भरना मतदान पूर्व की तैयारी मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने हेतु विभिन्न प्रपत्र तथा लिफाफों को तैयार करना। दोपहर 2रू00 बजे से 5रू00 तक मतदान प्रक्रिया का सामान्य प्रशिक्षण विशेष स्थितियां एवं ईवीएम मशीन का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स डॉ सुनील सोनी, सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, मनित कुमार दुबे, उमेश धुर्वे, डॉ प्रशांत चौरसिया, मुकेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मोहन हिंडोलिया के द्वारा दिया जा रहा है। मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा किया गया तहसीलदार खजुरिया द्वारा मतदान दलों को ईवीएम मशीन की ट्रेनिंग दी गई तथा बताया गया कि मतदान सामग्री प्राप्त होने पर कंट्रोल यूनिट को चालू करके देखें आपस में कनेक्ट न करें। पीठासीन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मत प्रतिशत एप डाउनलोड करना है तथा मतदान सामग्री प्राप्त होने से लेकर मतदान सामग्री जमा होने तक की जानकारी फीड करना है। मतदान दलों को प्रशिक्षण स्थल से ही इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट नोडल अधिकारी अनिल पटेल के मार्गदर्शन में दिए जा रहे हैं।



# इंदौर में युवक को अपने ही पैसे मांगना पड़ा महंगा, बदमाश ने किया धार धार चाकू से हमला

जब युवक ने अपने उधारी के पैसे मांगने पर बदमाश ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।

इंदौर। शहर में एक युवक को उसी के उधार दिए हुए पैसे मांगना महंगा पड़ा गया। दरअसल जब उसने अपने उधारी के पैसे मांगने पर बदमाश ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जिसके बाद उसने पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

यह घटना शहर के एमआईजी थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। यहां रामलाल नाम के शख्स ने मोहन यादव को 100 रुपए उधार दिए थे। जब रामलाल ने उधार के पैसे मांगे तो दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मोहन ने चाकू से रामलाल पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मोहन मौके का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया।

मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल में पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया और उसकी तलाश में जुट गई है। हालाकि आरोप अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

**-हम समवेत**

## बुद्ध, आम और बच्चे

गौतम बुद्ध किसी उपवन में विश्राम कर रहे थे। तभी बच्चों का एक झुंड आया और पेड़ पर पत्थर मारकर आम गिराने लगा। एक पत्थर बुद्ध के सर पर लगा और उस से खून बहने लगा। बुद्ध की आँखों में आंसू आ गये। बच्चों ने देखा तो भयभीत हो गये। उन्हें लगा कि अब बुद्ध उन्हें भला बुरा कहेंगे। बच्चों ने उनके चरण पकड़ लिए और उनसे क्षमा याचना करने लगे। उनमे से एक बच्चे ने कहा, 'हमसे बड़ी भूल हो गई है। मेरी वजह से आपको पत्थर लगा और आपके आंसू आ गये।

इस पर बुद्ध ने कहा, 'बच्चों, मैं इसलिए दुखी हूँ की तुमने आम के पेड़ पर पत्थर मारा तो पेड़ ने बदले में तुम्हे मीठे फल दिए, लेकिन मुझे मारने पर मै तुम्हे सिर्फ भय दे सका।

-मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज

**खट्टे मीठे तीखे बोल**



दीपक की लौ से भोजन नहीं पकता और महज धर्म-धर्म कहने से आचरण नहीं होता।


**बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन**

फोन- 222664, 224664

अधिकृत विक्रेता | My Cem Cement

**श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया**



**रंगीन फोटो कापी मल्टीकलर प्रिंटिंग**

अब चाहे एक कापी हो या हजार या ज्यादा कम कीमत में तुरन्त तैयार

रंगीन बर्थ डे कार्ड, शादी कार्ड, मानपत्र, स्टीकर, लेटर पैड

**कैलाश प्रिंटिंग प्रेस**

सांडिया रोड, पिपरिया मो. 9425475451



**प्लाट के रेट में मकान**

पचमढ़ी रोड पर मेन रोड से 100-150 फुट अन्दर पक्का बना हुआ लगभग 30 x 90 में बेचना है। कीमत एक हजार रुपया वर्गफुट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. 9425708959

28 अप्रैल से ....


## बचाना होगा पानी

- ❊ प्लास्टिक का बहिष्कार करें। कपड़े की थैली का उपयोग करें।
- ❊तालाब छोटे छोटे बनाना होगा।
- ❊ पौधरोपण करें।
- ❊जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी है।
- ❊ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाए।
- ❊ दो टेंकों वाला पारवाना बनाएं।
- ❊ जैविक खेती को अपनाएं।
- ❊ जल बचाये, जलस्तर बढ़ाने के लिए उपाय करें।
- ❊ रासायनिक खाद व कीटनाशक से बचें।
- ❊ बहुफसल प्रणाली को अपनाएं।❊ ड्रिप प्रणाली से सिंचाई कर पानी बचाएं।
- ❊ सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दें।

उक्त कार्यों के लिए आप के पास लेख, विचार या योजना हो तो लिख भेजें हम जनहित में उसका प्रकाशन करेंगें जनजागरण अभियान


**दुकान बेचना है।**

पुराना गल्ला बाजार, हनुमान मंदिर के पास 13X17 साईज की दुकान शीघ्र बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

Mob- 9200111497, 9584578178



**बेचना है।**

हुन्डई वरना कार चालू हालत में सभी कागज कम्पलीट 2006 मॉडल बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

मो. 9425475498



**बेचना है**

नवनिर्मित सिंग्लेक्स 25 X 40 में निर्मित। शानदार कंस्ट्रक्शन। कीमत-25 लाख। रामविलास कालोनी में बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

ओव्हर ब्रिज के पास- 11 X 5X 27 में डबल स्टोरी कार्नर मकान रोड से 150 फीट अंदर। कीमत- 8.50 लाख मात्र है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

मेन शोभापुर रोड पिपरिया में 20 X 60 में निर्मित मकान बेचना है। कीमत-10000 स्कोरफीट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

प्लाट की कीमत में मकान-पचमढ़ी रोड पिपरिया में 28 X 90 का प्लाट राजस्थान स्वीट के सामने पचमढ़ी में बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

मो. 9425708959



**विकी हार्डवेयर स्टोर्स**

फोन कार्यालय 224664,

निवास- 222664मो. 9893200814

सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया

बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी

उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता



**दुकान बेचना है**

सीमेंट रोड स्थित काम्पलेक्स में 4 दुकानें बेचना है। कीमत 7000 रुपये वर्गफिट है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

सम्पर्क करें - मो. 9425708959

# पानी की परवाह करने वाले

□ भारत डोगरा

गर्मी का यह मौसम हर साल हमें निष्ठापूर्वक पानी की याद दिलाता है, लेकिन हम मानसून आते–आते ठीक उसी निष्ठा से उसे भूल जाते हैं। हर साल देश के सुदूर इलाकों से पानी के संरक्षण, संवर्धन और किफायती इस्तेमाल को लेकर तरह–तरह की खबरें आती हैं, उन्हें देख–सुनकर हम थोड़ी देर के लिए गदगद भी हो लेते हैं, लेकिन उनसे सीखकर कभी पानी का मान नहीं रख पाते। इसी बात पर प्रस्तुत है, भारत डोगरा यह लेख। संपादक

देश के अनेक क्षेत्रों में जल–संरक्षण के अनेक उपाय स्थानीय स्थिति के अनुकूल वहां के समुदायों ने विकसित किए हैं। राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्रों में वर्षा के पानी को संग्रहण करने के अनेक तौर–तरीके अपनाए जा रहे हैं। वहां से थोड़ा आगे जाएं तो गुजरात के कच्छ क्षेत्र में भी ऐसे परंपरागत सूझ–बूझ के अनेक तरीकों को देखा जा सकता है। व्यक्तिगत या गांव–समुदाय की भूमि में विशेष रूप से जलग्रहण क्षेत्र को तैयार कर उसके पानी को एक 'कुण्डी' नामक कुएं में एकत्र करने के कार्य को राजस्थान के अनेक क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

केवल गांव के अपने उपयोग के लिए ही नहीं, कहीं–कहीं तो यात्रियों के लिए ऐसे विशेष संग्रहण की व्यवस्था है। ध्यान इस बात पर दिया जाता है कि अधिकतम पानी कुएं में पहुंच सके। जलग्रहण क्षेत्र की लिपाई–पुताई व उसका ढ़लान बनाने में इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। तालाब के सीपेज का पानी बेकार न जाए अतः इस पानी को एकत्र करने के लिए 'कुंई' नामक विधि का प्रचलन है।

राजस्थान के किले तो वैसे भी विख्यात हैं, पर इनका जल–प्रबंध विशेष रूप से देखने योग्य है। चितौड़ के किले में हाथीकुंड के सीपेज से गोमुख का झरना बनता है और इस झरने से फिर चितौड़ के किले का मुख्य जलाशय बनता है। किलों के अलावा सामान्य आवासों, आंगन या बरामदों में कुंड बनाकर, छतों पर उचित व्यवस्था कर वर्षा के जलसंग्रहण को कई स्थानों पर देखा जा सकता है। तरह–तरह के छोटे–बड़े तालाबों व बावड़ियों की दृष्टि से यह राज्य समृद्ध है। राजस्थान के कुछ भागों में बहुत कम वर्षा होती है, पर वहां भी परंपरागत उपायों से पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था कर लोग काफी हद तक आत्मनिर्भर बने हुए थे।

उत्तर–पूर्व के राज्यों में परंपरागत सिंचाई के अनेक श्रेष्ठ उदाहरण मिल सकते हैं। बांसों की पाईप लाईन के माध्यम से काफी दूर के पौधों तक ठीक उतना पानी पंहुचाना जितना पौधों के लिए जरूरी है, मेघालय की विशेष उपलब्धि है। वर्ष 1956 में आन्ध्रप्रदेश में सिंचाई के लिए उपयोगी 5,8518 तालाब थे जिनसे लगभग दस लाख हैक्टेयर की सिंचाई हो रही थी, यानि कुल सिंचित क्षेत्र के 40 प्रतिशत की सिंचाई तालाबों से हो रही थी। इसमें कुछ कमी अवश्य आई है, पर इसका महत्व बना हुआ है। इनमें से अनेक तालाब एक–दूसरे से जुड़े हैं व उनमें पानी का पूरा–पूरा उपयोग होता है, वह व्यर्थ नहीं बहता। तमिलनाडु के कुल सिंचित क्षेत्र में से लगभग एक तिहाई की सिंचाई आज भी 'एरी' नामक प्राचीन तालाबों से हो रही है।

बाढ़ व सूखे का दोहरा संकट देश की बहुत बड़ी समस्या है। परंपरागत जल–संग्रहण से सूखे के संकट से तो राहत मिलेगी ही, साथ ही बाढ़ की समस्या को भी कम करने में सहायता मिलेगी। जब बहुत से जल को नदी की ओर वेगपूर्वक बढ़ने देने के स्थान पर खेती व अन्य उपयोगों के लिए तरह–तरह से मोड़ा व संजोया जाता है, तो इससे बाढ़ की संभावना कम होती है।

बिहार के गया जिले में जब तक 'आहार' व 'पाईन' व्यवस्था सशक्त रहीं, इसने बाढ़ व सूखे दोनों को रोकने में सहायता दी। राजस्थान में भयानक सूखे के दिनों में देखा गया कि जहां आधुनिक पेयजल स्रोतों के आने के बाद भी परंपरागत संग्रहण की उपेक्षा नहीं की गई, वहां लोगों की पेयजल के मामले में आत्मनिर्भरता बनी हुई थी। जहां लोगों ने परंपरागत संग्रहण की उपेक्षा की, वहां के लोग पानी को तरस रहे थे।

परंपरागत तकनीक सस्ते हैं, स्थानीय लोगों के हाथ में हैं तथा आधुनिक तरीकों के दुष्परिणामों से बचे हुए हैं। ऐसा नहीं है कि उनमें कोई समस्यायें नहीं हैं, लेकिन उन्हें कम या दूर करने के प्रयास होने चाहिए। स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर पानी के संबंध में लोगों की जो सोच है वह कई पीढ़ियों के ज्ञान और सोच का निचोड़ है। उससे हमें लाभ जरूर उठाना चाहिए व उनकी उपेक्षा कभी नहीं करनी चाहिए।

परंपरागत जल–संग्रहण की प्रणालियां एक सामूहिक प्रयास हैं। बुंदेलखंड व नर्मदा क्षेत्र की 'हवेली पद्धति' को लें या बिहार की 'आहार,' 'पाईन' पद्धति को, यह किसानों के सामूहिक प्रयास या तालमेल के बिना संभव नहीं है। तालाब बनाने में, उसके रख–रखाव में, उसकी सफाई में पूरे गांव का योगदान होता है। यहां तक कि घुमंतू लोगों ने भी अपने सामूहिक प्रयासों से जल–संरक्षण व संग्रहण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कच्छ की 'वीरदी पद्धति' 'मालधारी समुदाय' की देन है, जबकि उदयपुर में आज तक जल का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत बनी हुई 'पिचौला झील' बंजारों ने बनाई थी। बहुत से तालाब जो राजाओं ने बनवाए थे वे उनके अपने या अपने घराने के उपयोग के लिए थे। जनसाधारण के उपयोग के अधिकांश जलस्रोत समुदाय ने स्वयं बनाए।

परंपरागत स्रोत व तकनीक को महत्व देने का यह अर्थ नहीं है कि विज्ञान की नई उपलब्धियों के आधार पर उसमें बदलाव या सुधार नहीं होने चाहिए, लेकिन ध्यान देने योग्य बात है कि परंपरागत तकनीक और स्थानीय स्थिति की मूल समझ के विरूद्ध कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। आधुनिक और अधिक सुविधापूर्ण तकनीक आने से प्रायः परंपरागत तकनीक की उपेक्षा होती है। अब नए साधन भी उपलब्ध हो रहे हैं तो गांव समुदाय को विशेष ध्यान रखना होगा कि परंपरागत स्रोतों की उपेक्षा न हो। भूजल स्तर नीचे न गिरे, इसका निरंतर ध्यान रखना होगा। इस बारे में साझी समझ बनानी होगी कि जल के अत्यधिक दोहन से पूरे गांव के लिए जल–संकट उत्पन्न न हो।


जल वितरण और उपलब्धि में जाति के आधार पर किसी तरह का भेदभाव न हो, इसका विशेष ध्यान रखना ही होगा। जलस्रोतों को और उनके जलग्रहण क्षेत्र को साफ रखने की पहले बहुत अच्छी परंपरा थी। इस अनुशासन का प्रसार गांव के परिवारों में और स्कूल की शिक्षा के माध्यम से भी होना चाहिए। इस तरह के सांस्कृतिक पर्व आयोजित हो सकते हैं जिनसे तालाबों आदि को साफ करने के श्रमदान को जोड़ा जाए। अनेक शहरों में भी परंपरागत जल व्यवस्था को नया जीवन देकर जलसंकट का समाधान काफी हद तक किया जा सकता है। (सप्रेस)

–श्री भारत डोगरा प्रबुद्ध एवं अध्ययनशील लेखक हैं। उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## भोपाल में MBBS की छात्रा ने की खुदकुशी, हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला

भोपाल जिले में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। चिरायु मेडिकल कॉलेज में युवती MBBफर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी।

भोपाल। मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। चिरायु मेडिकल कॉलेज में युवती MBB फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। सोमवार की सुबह हॉस्टल के रूम में छात्रा ने फांसी लगा ली।



सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। खजूरी थाना पुलिस का कहना है कि छात्रा खरगोन जिले की रहने वाली है और चिरायु मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल के रूम नंबर 14 में रहती थी।

छात्रा सोमवार को सुबह अपने कमरे से नहीं निकली थी। जिसके बाद हॉस्टल की वार्डन चेक करने के लिए पहुंची और उसने आवाज लगाई लेकिन अंदर से जब वार्डन को कोई जवाब नहीं आया तो छात्रा के रूम के गेट को तोड़ा गया और जब अंदर देखा तो छात्रा फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने छात्रा के शव को हमीदिया अस्पताल में रखवा दिया है और परिजनों को सूचना कर दी है। परिजनों के पहुंचने पर छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है।

–हम समवेत

**प्लाट बेचना है**

पचमढ़ी रोड सावरिया कालौनी, पिपरिया में 85 X 60 का प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

सम्पर्क करें
मो. 9425039572

**पिपरिया डेन्टल क्लीनिक**


(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

**सुपर सिलेक्शन**

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

मो. 9893331604

**माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स**



सीमेंट रोड, पिपरिया



**अधिकृत विक्रेता**

नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गददे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल



# बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन पर नजर रखी जाए

## वेयर हाउस मैं मतदान प्रभावित करने वाली सामग्री ना रहे-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आगामी दिनों में जिले में बनाए गए सभी एसएसटी चेक पोस्टों, जांच नाको पर विशेष सतर्कता रखी जाए । आने जाने वाले वाहनों की कडाई एवं सघनता से जांच की जाए।उन्होंने अपर कलेक्टर डीके सिंह , डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर एवं जिला कोषालय अधिकारी नितेश उईके को रात्रि में एसएसटी चेक पोस्टों को चेक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिए की आगामी दिनों में वह संदिग्ध बैंक खातों में नजर बनाकर रखें । इस दौरान इन बैंक खातों में यदि अधिक और संदिग्ध लेनदेन होता है तो तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें ।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा हाल में दिए निर्देशअनुसार वेयरहाउस में भी विशेष सतर्कता रखी जाए , वेयरहाउसों की नियमित रूप से जांच हो कि वेयरहाउस में किसी भी प्रकार की नगद राशि , शराब, ड्रग्स, साड़ी और अन्य प्रतिबंधित पदार्थ तो नहीं है यदि है तो तत्काल कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी प्रतिदिन वेयरहाउस का निरीक्षण करें एवं प्रतिदिन इस आशय का रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें।

बैठक में बताया गया कि अब तक 79.69 लाख रुपए की नगदी वाहनों से जप्त की गई है । कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिन व्यक्ति या संस्था की नगदी चेक पोस्टों से वाहनों की चेकिंग के दौरान जप्त की गई है उन्हें अपील की प्रक्रिया से अवगत कराया जाये।

बैठक में जिला आबकारीअधिकारी ने बताया कि विभाग ने अब तक 31 लाख 13 हजार रुपए मूल्य की अवैध शराब जप्त की है । छह वाहन को भी जप्त किया गया है । उन्होंने बताया कि सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं । निर्धारित मात्रा से अधिक शराब के उठाव पर विशेष नजर रखी जा रही है । अवैध शराब बिक्री पर भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है । कलेक्टर ने निर्देश दिए की जिला आबकारी अधिकारी अपने सभी कॉन्टैक्टर को हिदायत दे की मतदान के दिन कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति निर्मित ना हो , कहीं भी शराब का परिवहन ना हो।

बैठक में अपर कलेक्टर डीके सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत , डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बबीता राठौड़ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

पंजीयन क्रमांक-70/1953-54

पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 5 कर्मचारियों को निलंबित किया तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर 1 कर्मचारी की सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने एवं निर्वाचन ड्यूटी आदेश प्राप्त नही करने तथा सक्षम अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराएं अनुपस्थित रहने पर 5 कर्मचारियों को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तह्हत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारियों को नियमाध्नुसार जीवन निर्वहन भत्ते की पात्रता रहेगी।

इसी तारतम्य में कलेक्टर ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर तथा अनुशासनहीनता बरतने पर म. प्र. सिविल सेवा नियम 1961 के परिवीक्षा नियम 08 (04) के तहत 1 कर्मचारी की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थल सहायक, लोक निर्माण विभाग श्री शिव शंकर कलोसिया को निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर, शा0 उत्कृष्ट उ0मा0वि0 बनखेडी के भृत्य श्री विजय शाह को भी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर, सहायक ग्रेड -3 शा0 उ0मा0वि0 सुखतवा के श्री अरविंद्र ठाकुर को प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने, प्राथमिक शिक्षक शा0 उ0मा0वि0 सुखतवा श्री स्वदेश प्रधान को तथा प्राथमिक शिक्षक शा0 उत्कृष्ट उ0मा0वि0 केसला के दीपेश शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने सौपे गए शाखाओं के प्रति लचर एवं लापरवाह कार्य प्रणाली अपनाने, कर्तव्य के प्रति उदासीनता दिखाने एवं अनुशासनहीनता बरतने पर जिला कार्यालय नर्मदापुरम के सहायक ग्रेड-3 श्री विशाल बास्केल को तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

# समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए फसल लेकर आने वाले किसानों को नहीं हो कोई परेशानी - कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना

## उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित, रबी उपार्जन की तैयारी की कलेक्टर ने की समीक्षा

जनसंपर्क नर्मदापुरम किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए गेहूं उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित कर अब तक किसानों के पंजीयन तथा उपार्जन की तैयारी की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं । उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हो । उन्होंने कहा कि उपार्जन के दौरान आने वाली किसानों की शिकायतों, समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिये कि जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रहें, ताकि उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के बैठने, पीने के पानी, छाया, पार्किंग, बारदाने, तौल- कांटे आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाऐं अच्छी रहें। इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर बारदाना, सिलाई मशीन, तौलकांटा की पर्याप्त व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिए। गेहूं के भण्डारण के लिए गोदामों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। गेहूं उपार्जन के पश्चात किसानों को समय पर भुगतान हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने एफएक्यू एवं नान एफएक्यू गेहूं की गुणवत्ता की जांच, तौलपर्ची, ई-उपार्जन व्यवस्था, सर्वेयर की व्यवस्था, धर्मकांटा तौल तथा निर्धारित फार्मेट में आनलाइन भरी जाने वाली जानकारी के संबंध में विस्तार से आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्रीमती ज्योति जैन, उप संचालक कृषि जे आर हेडाउ सहित सहकारिता एवं नान विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री मीना ने इटारसी के 3 पटाखा लायसेंस तथा दो लायसेंसो के अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त करने के आदेश जारी किए

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने लोकहित एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से पीपल मोहल्ला इटारसी के शेख जुम्मन आ.शेख अहमद, शेख अरमान आ. शेख जुम्मन एवं शेख गुलबहार आ.शेख अहमद की अनुज्ञप्ति लायसेंस विस्फोटक नियम 2008 के नियम 118 के तहत निरस्त किये गये हैं। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने ग्राम भौखेडी तहसील सोहागपुर निवासी महेश आहुजा आत्मज टेकचंद आहुजा एवं हाजी मंजिल के पास इटारसी निवासी अनिल बाजपेयी आ. स्व. नारायण प्रसाद बाजपेयी को पूर्व में जारी अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के आदेश जारी किये हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा गतदिनो जारी उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गये हैं।

स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- होशंगाबाद (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com

PIPARIY fina 25-4-2024 - Copy.pmd 16 4/25/2024, 5:48 PM